रोहतक
मंगलवार 6 अक्टूबर 2026
अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 30, अंक : 243
पृष्ठ 14 मूल्य 3.50

मौसम हरियाणा
अधि. 39.0°C
न्यून. 20.5°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



7 सात सदस्यीय टीम घोषित भुवनेश्वर संभालेंगे कमान

haribhoomi.com

An Investor Awareness Initiative by

SEBI

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India

पूरा इंडिया
इन्वेस्टिंग को समझेगा
और सही तरीके जानेगा

इन्वेस्ट करने से पहले समझें | रेगुलेटेड इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट्स चुनें
जल्दी शुरू करें, इन्वेस्टमेंट में बने रहें | इन्वेस्टमेंट संबंधी धोखाधड़ी से सावधान रहें

समझ से investing simple



म्यूचुअल फंड्स | स्टॉक्स | रीट्स | इन्विट्स | बॉण्ड्स | कमोडिटीज़

विज़िट करें: investor.sebi.gov.in/ssis

सेबी Saarthi ऐप डाउनलोड करें

सहयोगी: AMFI | NSE INVESTOR PROTECTION FUND TRUST | BSE Investors Protection Fund | MCX METAL & ENERGY Trade with Trust MCX INVESTOR PROTECTION FUND | CDSL INVESTOR PROTECTION FUND TRUST | NSDL INVESTOR PROTECTION FUND TRUST | NISM National Institute of Securities Markets A Capacity Building Initiative of SEBI

CBC 15204/13/0110/2627

खबर संक्षेप



विशेष बच्चे दूसरों से कम नहीं : केएम पांडुरंग

पंचकूला। हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव केएम पांडुरंग ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रतिभा को किसी सीमा में नहीं बांधा जा सकता। शारीरिक चुनौतियां उनकी क्षमता का अंतिम परिचय नहीं हैं। सही अवसर, प्रशिक्षण, उपचार, प्रेम और विश्वास मिले तो ये बच्चे अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। पांडुरंग रविवार को माता मनसा देवी गोधाम में पंचकूला गोशाला ट्रस्ट की 13वीं और 'कलाम एक्सप्रेस' की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। पूर्व मेयर कुलभूषण गोयल ने ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से बच्चों का उत्थान कर रहे है।

सिंगापुर में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एसआईएनजी में रखा सरकार का विजन

हरियाणा को बनाएंगे इनोवेशन कैपिटल उद्योगपतियों को दिया निवेश का न्योता

डाटा सेंटर, रक्षा क्षेत्र, इंफ्रास्ट्रक्चर और किफायती आवास परियोजनाओं पर मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिंगापुर में एसआईएनजी फोरम (सिंगापुर इंडिया नेटवर्क फॉर ग्रोथ)के मंच पर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक में डाटा सेंटर स्थापित करने, हिसार के आसपास रक्षा क्षेत्र में निवेश, आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और नई तकनीक को बढ़ावा देने से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार को हरियाणा को इनोवेशन कैपिटल बनाने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को हरियाणा में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि निवेशकों के हर कदम पर सरकार साथ खड़ी रहेगी और परियोजनाओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे 'मेक इन इंडिया' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि हरियाणा इस अभियान के लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

पानीपत और गुरुग्राम में हाउसिंग क्षेत्र के विकास पर चर्चा

बैठक में पानीपत में हाउसिंग क्षेत्र के विकास, गुरुग्राम में किफायती दरों पर रिहायशी क्षेत्र विकसित करने और हाउसिंग फॉर रेंटल नीति से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश में आवास व्यवस्था को अधिक सुलभ बनाने और किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश को औद्योगिक और तकनीकी विकास का प्रमुख केंद्र बनाने की प्रतिबद्धता जताई। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों की सराहना की। बैठक में निवेश के अनुकूल माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और नई तकनीकों को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई।

अरावली जंगल सफारी के लिए मंडाई वाइल्डलाइफ रिजर्व का किया अध्ययन

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सिंगापुर स्थित मंडाई वाइल्डलाइफ रिजर्व का दौरा किया। गुरुग्राम और नूंह के अरावली क्षेत्र में प्रस्तावित जंगल सफारी परियोजना के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने यहां वन्यजीव प्रबंधन, संरक्षण, पर्यटन सुविधाओं और संचालन व्यवस्था का अवलोकन किया। मंडाई वाइल्डलाइफ रिजर्व सिंगापुर का प्रमुख वन्यजीव एवं प्रकृति पर्यटन केंद्र है। इसमें सिंगापुर जू, नाइट सफारी और रिवर वंडर्स समेत कई आधुनिक सुविधाएं हैं। मुख्यमंत्री ने इन व्यवस्थाओं का अध्ययन किया, ताकि हरियाणा की प्रस्तावित जंगल सफारी को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने में इनसे सीख ली जा सके। हरियाणा सरकार गुरुग्राम और नूंह के अरावली क्षेत्र में करीब 10 हजार एकड़ भूमि पर विश्वस्तरीय जंगल सफारी विकसित करने की योजना पर काम कर रही है।

- गुरुग्राम और नूंह में करीब 10 हजार एकड़ में विश्वस्तरीय जंगल सफारी विकसित करने की योजना

गुरुग्राम में होगी विकसित भारत संकल्प सभा, अमित शाह आएंगे

■ प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअल माध्यम से करेंगे संवाद



- मुख्यमंत्री नायब सैनी, हरियाणा प्रभारी स्मृति ईरानी व प्रदेश सह प्रभारी भी रहेंगे मौजूद

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 7 अक्टूबर को गुरुग्राम में आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जनसमूह को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री एवं हरियाणा प्रभारी स्मृति ईरानी, प्रदेश सह-प्रभारी डॉ. भोला सिंह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सेवा संकल्प अभियान के तहत विकसित भारत संकल्प सभा गुरुग्राम के लेजर वैली स्थित महाराणा प्रताप पार्क में होगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता और भाजपा राष्ट्रीय सचिव एवं हरियाणा सह-प्रभारी डॉ. भोला सिंह ने भाजपा कार्यालय गुरुकमल में संगठनात्मक बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन राणा, केंद्रीय संसदीय बोर्ड सदस्या डॉ. सुधा यादव सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

मातृ-शिशु स्वास्थ्य निगरानी के लिए 'समृद्धि' पहल शुरू

चंडीगढ़। हरियाणा में मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा की 'समृद्धि' पहल का शुभारंभ किया। तकनीक आधारित इस व्यवस्था के तहत गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की निरंतर निगरानी की जाएगी। इसमें उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मंत्री ने बताया कि गर्भवती महिला के प्रसवपूर्व पंजीकरण से लेकर प्रसव और जन्म के 42 दिन तक शिशु की देखभाल की निगरानी की जाएगी। इसके लिए एनएचएम मुख्यालय में समृद्धि पोर्टल, स्टेट कमान सेंटर और 102 कॉल सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। प्रत्येक जिला अस्पताल में भी जिला कॉल सेंटर बनाया जाएगा। पोर्टल पर प्रत्येक गर्भवती महिला का पंजीकरण अनिवार्य होगा और उसे यूनिक समृद्धि आईडी मिलेगी। पोर्टल के माध्यम से सरकारी और निजी स्वास्थ्य केंद्रों में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की लगातार निगरानी की जाएगी। ऑटोमेटेड अलर्ट और ड्यू लिस्ट के जरिए एएनएम व चिकित्सा अधिकारियों को प्रसवपूर्व जांच, फॉलोअप शामिल रहेगा।

- गर्भावस्था से प्रसव और जन्म के 42 दिन तक होगी निगरानी
- उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं पर विशेष फोकस

केसीसी धारकों को 50 हजार तक का दुर्घटना बीमा कवर मिलेगा

चंडीगढ़। हरियाणा में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) धारकों को दुर्घटना से होने वाले आर्थिक नुकसान से सुरक्षा देने के लिए हरियाणा राज्य सहकारी अपेक्स बैंक लिमिटेड (हरको बैंक) ने व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना (पीएआईएस) लागू की है। वर्ष 2026-27 के दौरान इस योजना के तहत करीब पांच लाख पात्र किसानों को एक वर्ष के लिए 50 हजार रुपये तक का बीमा कवर दिया जाएगा। सोमवार को हरको बैंक के प्रबंध निदेशक सुशील सारवान की अध्यक्षता में इस संबंध में बैठक हुई। बैठक में वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

- पांच लाख किसानों को मिलेगा लाभ, प्रीमियम का अधिकांश हिस्सा बैंक भरेगा

हरियाणा का ई-भूमि मॉडल बना देश में चर्चा का विषयः गंगवा

चंडीगढ़। हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि सड़क परियोजनाओं के लिए जमीन जुटाना अक्सर बड़ी चुनौती होती है, लेकिन हरियाणा ने तकनीक के जरिए इस प्रक्रिया को आसान और पारदर्शी बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। मंत्री रणबीर गंगवा सोमवार को गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के दो दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर 'गतिशक्ति से प्रगति' में पहले दिन 'एक्सीलरेटिंग लैंड एक्विजिशन एंड लीवरेजिंग भूमि राशि' विषय पर बोलते हुए प्रदेश के ई-भूमि मॉडल का अनुभव साझा किया। शिविर में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी समेत देशभर के विभिन्न राज्यों से आए लोकनिर्माण विभाग के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

एशियाड पदकवीरों का खेलमंत्री गौतम ने दिल्ली में किया स्वागत



चंडीगढ़। जापान में आयोजित एशिया चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन करके लौटे हरियाणा के खिलाड़ियों का सोमवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने फूल मालाएं पहनाकर खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 85 पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। इनमें से हरियाणा के खिलाड़ियों ने कुल 32 पदक जीते हैं, जिसमें 14 स्वर्ण, 9 रजत और 9 कांस्य पदक सहित शामिल हैं। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों ने यह पदक अपने नाम कर हरियाणा की खेल शक्ति का लोहा मनवाया। उन्होंने खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की और भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश को खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर गर्व है।

- हरियाणा के खिलाड़ियों ने 14 स्वर्ण, 9 रजत और 9 कांस्य सहित 32 पदक जीते



रोहतक
मंगलवार 6 अक्टूबर 2026
अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 30, अंक : 243
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 39.0°C
न्यून. 20.5°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 कोको गॉफ यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

खबर संक्षेप

आनंद फिर बसपा के राष्ट्रीय संयोजक बने



लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को 31 दिन बाद पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बनाया है। 3 सितंबर को उन्हें पद से हटाया था। तब उन्होंने कहा था- आकाश को अभी और अधिक मैच्योर होने की जरूरत है। मायावती अभी तक 3 बार आकाश को पद से हटा चुकी हैं। तीनों बार उन्हें वापस पद दिया गया है। इस बार आकाश के ससुर के राजनीति संन्यास के ऐलान के बाद उन्हें फिर से जिम्मेदारी दी गई है। *एजेंसी*

भारत में जन्मी मादा चीता ने 5 शावकों को दिया जन्म



श्योपुर। भारत में जन्मी 32 महीने की माता चीता ने कूनो नेशनल पार्क में 5 शावकों को जन्म दिया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए तस्वीर के साथ वीडियो साझा किया। इन पांच शावकों के आने के साथ, भारत में चीतों की कुल संख्या 60 हो गई है, जिसमें भारत में जन्मे 41 चीते शामिल हैं। *एजेंसी*

हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक 10 अक्टूबर को

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में 10 अक्टूबर को सुबह 11:00 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक होगी। पीएम के साथ में सीएम और मंत्रियों, विधायकों की बैठक के बाद होने वाली यह बैठक कई मायनों में अहम होगी। मुख्यमंत्री की सिंगापुर यात्रा के बाद में यह बैठक होने जा रही है। बैठक में कुछ अहम फैसले लिए जा सकते हैं। हाल ही में हुए एशियन गेम्स में बेटियों द्वारा लाए गए मैडल और हरियाणा के शानदार प्रदर्शन को लेकर भी चर्चा होगी। *हरिभूमि ब्यूरो*

गूगल जेमिनी के फ्री यूजर्स पर बढ़ी पाबंदी



नई दिल्ली। गूगल अपने जेमिनी एआई मॉडल्स की उपलब्धता को लेकर 9 अक्टूबर से नए नियम लागू करने जा रहा है। कंपनी फ्री और एंट्री-लेवल एआई प्लस यूजर्स के लिए मॉडल एक्सेस सीमित करेगी। फ्री यूजर्स को केवल फ्लैश-लाइट मॉडल मिलेगा। प्रो मॉडल का एक्सेस हटा दिया। एआई प्लस यूजर्स को फ्लैश-लाइट और फ्लैश मॉडल मिलेंगे, लेकिन प्रो मॉडल उपलब्ध नहीं होगा। वहीं, एआई प्रो सब्सक्राइबर्स के मौजूदा मॉडल बरकरार रहेंगे।

स्पेन में किराएदार को घर से निकालने पर गिरी सरकार

मैड्रिड। स्पेन में 87 साल की एक महिला को घर से निकालना बहुत बड़ा मुद्दा बन गया। महंगे किराए और लोगों को घर से निकाले जाने के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। मामला इतना बढ़ा कि सरकार को किराएदारों को राहत देने के लिए संसद में इमरजेंसी बिल लाने पड़े। लेकिन सरकार इन्हें पास नहीं करा सकी। इसके बाद प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने तय समय से करीब 8 महीने पहले आम चुनाव कराने का ऐलान कर दिया। स्पेन में 29 नवंबर 2026 को वोटिंग होगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश को निलंबित करने की याचिका पर सुनवाई

चुनाव आयोग ने कानून तोड़ा तो फैसले रोक देंगे : सुप्रीम कोर्ट

सीजेआई सूर्यकांत बोले- फॉर्म 6 में बदलाव की मंजूरी नहीं

- शीर्ष अदालत ने आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा
- ज्ञानेश पर दो अन्य चुनाव आयुक्तों की बिना सहमति के एसआईआर से जुड़े 14 फैसले लेने का आरोप
- आयोग के फैसले सर्वसम्मति या बहुमत से लिए जाने चाहिएं
- हम रिकॉर्ड जांचने के बाद ही नतीजे पर पहुंचेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की याचिका पर सुनवाई की। उन पर एसआईआर से जुड़े करीब 14 फैसले दो अन्य चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लेने का आरोप है। अदालत ने उन्हें निलंबित करने का अंतरिम आदेश देने से तो इनकार किया, लेकिन चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अगर फैसले बिना सहमति के लिए पाए गए, तो उन्हें वापस लिया जा सकता है। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- फॉर्म -6 में किसी संशोधन को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी नहीं दी है। जबकि, 9 दिन पहले चुनाव आयोग ने कहा था कि एसआईआर के लिए फॉर्म -6 के साथ लगाए गए डिक्लेरेशन को सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिली है।

अखबार की खबर के आधार पर आदेश नहीं दे सकते : सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कोई खबर 100% सही, आंशिक रूप से सही या गलत हो सकती है। इसलिए सिर्फ मीडिया रिपोर्ट के आधार पर सीईसी को सस्पेंड करने का अंतरिम आदेश नहीं दिया जा सकता। पहले चुनाव आयोग का जवाब और रिकॉर्ड देखना होगा।



तीन सदस्यीय आयोग में एक का फैसला सही नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग के फैसले सर्वसम्मति या बहुमत से लिए जाने चाहिए। यानी तीन सदस्यीय आयोग में किसी एक सदस्य का अकेले फैसला पूरे आयोग का फैसला नहीं माना जा सकता।

रिकॉर्ड से एकतरफा फैसला साबित हुआ तो कार्रवाई संभव

सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि अगर रिकॉर्ड से पता चलता है कि कोई फैसला जरूरी प्रक्रिया के बिना लिया गया था, तो उस पर रोक लगाने पर विचार किया जा सकता है।

फॉर्म-6 में कोई बदलाव नहीं किया : आयोग

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि फॉर्म-6 में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़ा आदेश जारी करते समय उसके साथ एक घोषणापत्र संलग्न किया गया था, जिसे शीर्ष अदालत ने बरकरार रखा था। फॉर्म-6 के जरिये कोई पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए आवेदन करता है। निर्वाचन आयोग की ओर से 26 सितंबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, बिहार में 24 जून 2025 को एसआईआर संबंधी आदेश जारी करते समय फॉर्म-6 के साथ एक घोषणापत्र संलग्न किया गया था, जिसे शीर्ष अदालत ने 27 मई के आदेश में बरकरार रखा था।

मीडिया रिपोर्ट के बाद शुरू हुआ ज्ञानेश कुमार पर विवाद

इस पूरे मामले की शुरुआत इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट से हुई थी, जिसमें एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारियों के बीच मतभेदों का जिक्र था। रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने चुनाव पैनल के भीतर एसआईआर प्रक्रिया को लेकर बार-बार चिंता जताई थी।

दुष्कर्म के अपराधियों में मौत का डर पैदा करना जरूरी

शीर्ष कोर्ट ने कहा, नहीं तो ऐसे अपराध रोकना मुश्किल हो जाएगा

अदालत ने 3 घटनाओं पर खुद नोटिस लिया कहा, सख्त होना जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में नाबालिगों से गैंगरेप की 3 घटनाओं पर कहा, "जब तक अपराधी के मन में मौत का डर नहीं होगा, तब तक ऐसे अपराध नहीं रुकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा कि केवल चीजों को कागज पर लिखना पर्याप्त नहीं है, सख्त कार्रवाई करनी होगी। जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सख्त होने से हिचकिचाएं नहीं। बेंच ने कहा कि कुछ लोग अनुच्छेद 21 यानी मानव अधिकार का हवाला देकर सवाल उठाएंगे, लेकिन पुलिस को अपना कर्तव्य निभाना होगा। इसके बाद दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय से 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में 4 अगस्त से 21 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा-दिल्ली बस, आस्था कुंज पार्क और स्वरूप नगर में दुष्कर्म की 3 घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लिया था। इस मामले में पहली सुनवाई 28 सितंबर को हुई थी।

48 दिनों में 3 घटनाएं

4 अगस्त: दिल्ली में 16 साल की नाबालिग से चलती बस में गैंगरेप। पीड़ित ग्रेटर नोएडा के परी चौक से बस में बैठी। आरोपियों ने उसे कश्मीरी गेट पर छोड़ा। इस दौरान बस करीब 47 किमी दौड़ती रही। बस के शीशों पर पर्दे लगे थे।

12 सितंबर: स्वरूप नगर में 16 साल की नाबालिग से गैंगरेप-हत्या। अगले दिन खेत के पास खुले मैदान में शव मिला। चार आरोपी गिरफ्तार हुए, जिनमें तीन नाबालिग हैं।

21 सितंबर: दिल्ली के कालकाजी मंदिर के पास आस्था कुंज पार्क में 17 साल की नाबालिग अपने दोस्त के साथ बैठी थी। तीन युवकों ने फर्जी पुलिस वाले बनकर छात्रा से रेप किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जवाबदेही तय होनी चाहिए

सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई में कहा था कि सार्वजनिक जगहों को खराब रोशनी, निगरानी की कमी और पेट्रोलिंग की कमी जैसी वजहों से 'हाई रिस्क जोन' नहीं बनने दिया जा सकता। सिर्फ संवेदना जताना समाधान नहीं है, बल्कि अपराध रोकने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों पर है, उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

यूपी में भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार घोषित

हरदीप पुरी व बीएल वर्मा के नाम कटे, 8 नए चेहरे

▶▶ राज्यपाल संतोष गंगवार की बेटी श्रुति को टिकट

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



श्रुति गंगवार



प्रियंका रावत

भाजपा ने आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए सोमवार को आठ उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए क्षेत्रीय और सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए संगठन से जुड़े नेताओं को प्राथमिकता दी। भाजपा ने जिन आठ उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं, उनमें उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, विद्यासागर सोनकर, गोपी कृष्ण पांडेय, प्रियंका सिंह रावत, राम प्रताप सिंह और श्रुति गंगवार शामिल हैं। आठ उम्मीदवारों में दो महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है, जबकि अति पिछड़े वर्ग को सबसे अधिक भागीदारी मिली है। भाजपा ने तीन अति पिछड़ी जातियों, दो अनुसूचित जाति (दलित), दो ब्राह्मण और एक क्षत्रिय बिरादरी के नेताओं को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को पश्चिम, ब्रज, कानपुर-बुंदेलखंड, काशी, गोरखपुर और अवध-छह क्षेत्रों में बांटा है और उम्मीदवारों के चयन में इन क्षेत्रों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है। उम्मीदवारों में धर्मपाल सिंह उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री हैं और बरेली जिले की आंवला विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल को टिकट

वहीं, बीएल वर्मा केंद्र सरकार में राज्य मंत्री हैं और उनका कार्यकाल समाप्त होने वाला है। उन्हें दोबारा राज्यसभा का मौका नहीं दिए जाने से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि वर्मा को मंत्रिमंडल छोड़ना पड़ सकता है। पिछड़ी जातियों में भाजपा ने उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल को उम्मीदवार बनाया है। प्रकाश पाल अति पिछड़े गड़रिया और धनगर समाज से आते हैं। भाजपा ने इस बिरादरी को महत्व इसलिए भी दिया है क्योंकि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल और बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी इसी समाज से हैं।

दलित नेता के तौर पर सोनकर को उतारा

भाजपा ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार की पुत्री श्रुति गंगवार को उम्मीदवार बनाकर महिला प्रतिनिधित्व के साथ-साथ अति पिछड़ी कुर्मी बिरादरी को भी प्रतिनिधित्व दिया है। दलित नेताओं में भाजपा ने अपने पुराने कैडर विद्यासागर सोनकर को उम्मीदवार बनाया है। सोनकर भाजपा के पूर्व विधान परिषद सदस्य व परिसीमन से पहले सैदपुर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद रह चुके हैं।

सुप्रीम कोर्ट में तीन नए जजों की नियुक्ति, संख्या 37 हुई

28 सितंबर को कॉलेजियम ने की थी सिफारिश अब एक ही पद खाली

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को तीन हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त करने की अधिसूचना जारी कर दी। नियुक्त किए गए जजों में गुजरात हाई कोर्ट की चीफ जस्टिस सुनीता अग्रवाल, दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और तेलंगाना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह शामिल हैं। इन नियुक्तियों की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 28 सितंबर को की थी। सुप्रीम कोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या 38 है। फिलहाल अदालत में 34 जज कार्यरत हैं। तीनों नए जजों के शपथ लेने के बाद कार्यरत जजों की संख्या बढ़कर 37 हो जाएगी।

इंडिगो टिकट महंगी फ्यूल चार्ज बढ़ाया

घरेलू उड़ानों में 1300 रुपये व इंटरनेशनल में 10,000 रुपये तक ज्यादा देने होंगे

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की फ्लाइट्स मंगलवार से महंगी हो जाएंगी। एयरलाइन ने घरेलू उड़ानों में 1300 तक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में 10,000 रुपये तक एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज लगाने का ऐलान किया है। नई कीमतें 6 अक्टूबर रात 12:01 बजे से लागू होंगी। इंडिगो ने छह महीने में तीसरी बार फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया है। इससे पहले एयरलाइन ने इस साल 14 मार्च और फिर 1 अप्रैल को किराया बढ़ाया था। एयरलाइन के मुताबिक, यह फैसला एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी जेट फ्यूल महंगा होने से लिया गया है।

रूस में अज्ञात वायरस से लैब कर्मचारी की मौत

200 लोगों को किया क्वॉरेंटाइन प्रयोगशाला में प्लेग वायरस के सैंपल वाली टेस्टट्यूब टूटी थी

नई दिल्ली। रूस में 28 साल की महिला कर्मचारी की मौत के बाद उसके संपर्क में आए करीब 200 लोगों को मेडिकल निगरानी में रखा गया है। महिला साइबेरिया के एक एंटी-प्लेग रिसर्च इंस्टीट्यूट में काम करती थी। स्थानीय रिपोर्टों के मुताबिक, 25 सितंबर को लैब में काम करते समय उससे जीवित जैविक नमूनों वाली एक टेस्ट ट्यूब टूट गई थी। 29 सितंबर को तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर वेंटिलेटर पर रखा गया। इलाज के दौरान एक अक्टूबर की रात उसकी मौत हो गई।

तीन देशों की लापरवाही से प्लेन में पहुंचा हमलावर पायलट

1. यूएई ने भर्ती से पहले नहीं किया पायलट का वेरिफिकेशन
2. ओमान व इजराइल की सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

दुबई। फ्लाईदुबई की फ्लाइट में भारतीय पायलट स्मित माच्छर पर हमला करने वाले ओमानी को-पायलट हमाम अल-हमामी को लेकर ओमान, यूएई और इजराइल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, हमामी को उसके कट्टरपंथी विचारों के चलते उसके उड़ान भरने पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद फरवरी 2026 में उसे फ्लाईदुबई में नौकरी मिल गई। एयरलाइन ने उसकी पिछली नौकरी और रिकॉर्ड की पुष्टि के लिए ओमान से संपर्क नहीं किया। हमामी ने 2018 में ओमान एयर जॉइन की थी और 2022 में पायलट बना। 2024 में अधिकारियों को पता चला कि वह कट्टरपंथी वेबसाइट और ब्लॉग देख रहा था। इसके बाद उसे डेस्क जॉब दी गई और डी-रेडिकलाइजेशन प्रोग्राम में भेजा गया। 2025 की शुरुआत में उसने ओमान एयर छोड़ दी। फरवरी 2026 में वह फ्लाईदुबई में शामिल हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, एयरलाइन ने उसका क्रिमिनल बैकग्राउंड चेक किया, लेकिन उसके पुराने रिकॉर्ड की पुष्टि के लिए ओमान से संपर्क नहीं किया। अब उसकी भर्ती प्रक्रिया में शामिल फ्लाईदुबई के कर्मचारियों की भी जांच हो रही है।



इजराइल ने भी हमामी को फ्लाइट में जाने से नहीं रोका

इजराइल के नियमों के मुताबिक, विदेशी एयरलाइंस को यात्रियों और क्रू की लिस्ट पहले भेजनी होती है। फ्लाईदुबई ने यह लिस्ट भी भेजी थी। इसके बावजूद हमामी को फ्लाइट से नहीं रोका गया। इजराइल के परिवहन मंत्रालय के मुताबिक, उसने क्रू की लिस्ट की जांच नहीं की थी। मंत्रालय का कहना था कि उसे यह जानकारी ही नहीं थी कि 2023 में बनाई गई डेटाबेस तक वह पहुंच सकता है। ओमान और इजराइल के बीच राजनयिक संबंध नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसे देशों के पायलटों को इजराइल जाने वाली फ्लाइट उड़ाने की अनुमति नहीं है। पूर्व इजराइली सुरक्षा अधिकारी एतान बेन डेविड ने कहा कि हमामी को उसकी राष्ट्रीयता के आधार पर ही रोका जाना चाहिए था।

अचानक 28 हजार फीट नीचे आई लंदन शिकागो फ्लाइट, इमरजेंसी लैंडिंग कराई

रास्ता बदलकर लंदन लौटी जांच के बाद वजह साफ होगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट बीए295 आयरलैंड के ऊपर उड़ान भरते समय कुछ ही मिनटों में करीब 28 हजार फीट नीचे आ गई। इस दौरान विमान ने 7700 इमरजेंसी कोड एक्टिव किया। इसके बाद फ्लाइट को शिकागो जाने के बजाय वापस लंदन की ओर मोड़ दिया गया। काफी समय तक आसमान में उड़ने के बाद फ्लाइट को वापस लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतारा गया। फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, विमान आयरलैंड के ऊपर करीब 9 हजार फीट की ऊंचाई तक आया था। 7700 कोड एयर ट्रैफिक कंट्रोल को विमान में सामान्य इमरजेंसी का संकेत देता है। इससे यह पता नहीं चलता कि समस्या किस तरह की है। यह घटना 30 सितंबर को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट एफजेड1073 में हुई घटना के 5 दिन बाद सामने आई है। हमले के दौरान विमान करीब 34 हजार फीट से 17 हजार फीट नीचे आ गया और इमरजेंसी सिग्नल भेजा गया।

जम्मू-कश्मीर में अवैध तरीके से रह रहे 150 बांग्लादेशी प्रवासियों को वापस भेजा

सर्वेक्षण के दौरान 600 अवैध नागरिकों का मिला सुराग

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे 150 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजने की प्रक्रिया के तहत सोमवार को पश्चिम बंगाल भेजा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस की मदद से प्रशासन द्वारा कश्मीर घाटी में किए गए सर्वेक्षण के दौरान करीब 600 बांग्लादेशी नागरिकों के कथित तौर पर अवैध रूप से रहने की बात सामने आई। उन्होंने बताया कि इन लोगों को श्रीनगर पुलिस की निगरानी वाले एक शिविर में रखा गया था, जहां से उन्हें उनके देश वापस भेजने के लिए बागडोगरा ले जाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को 150 लोगों के एक दल को भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से बागडोगरा ले जाया गया, जहां उन्हें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कर्मियों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि 150 और बांग्लादेशी नागरिकों को सात अक्टूबर को निर्वासित किया जाएगा।

राजपाल यादव को कड़ी फटकार

कल तक जमा करें पूरे 5 करोड़ वरना फिर से जेल जाना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




उच्चतम न्यायालय ने चेक बाउंस के लंबे समय से जारी कई मामलों में एक निजी कंपनी के बकाये की रकम जमा करने का अपना वादा पूरा नहीं करने पर को अभिनेता राजपाल यादव को सोमवार को सुनवाई के दौरान कड़ी फटकार लगाई और कहा कि कल तक 5 करोड़ रुपये जमा नहीं करवाए तो जेल जाना पड़ेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने 15 सितंबर को यादव को दो सप्ताह का आखिरी मौका देते हुए निजी कंपनी को बकाया रकम चुकाने के लिए ठोस प्रस्ताव देने और शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री में दो करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया था। अदालत ने इस बात पर नाराजगी जताई कि दो सप्ताह की अवधि खत्म होने के बावजूद पांच अक्टूबर तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। राजपाल के वकील ने कहा कि 50 लाख रुपये के डिमांड ड्राफ्ट की फोटोकॉपी कोर्ट के सामने रखी गई है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि 50 लाख रुपये? क्या यह असली भी है?

आंखों की बीमारियों पर भी किया जा रहा तकनीक का इस्तेमाल

रोशनी को महसूस करने वाला प्रोटीन खोजने वाले तीन वैज्ञानिकों को चिकित्सा का नोबेल

जर्मनी-अमेरिका के 3 वैज्ञानिकों की रिसर्च

स्टॉकहोम (एजेंसी)। 2026 का मेडिसिन नोबेल जर्मनी के पीटर हेगेमैन और जॉर्ज नागेल और अमेरिका के कार्ल डाइसेरोथ को दिया गया है। इन वैज्ञानिकों ने ऑप्टोजेनेटिक्स नाम की ऐसी तकनीक विकसित करने में मदद की, जिससे रोशनी की मदद से दिमाग की अलग-अलग तंत्रिका कोशिकाओं को नियंत्रित करके उनके काम को समझा जा सकता है। पहले वैज्ञानिकों के लिए यह पता लगाना मुश्किल था कि दिमाग की कौन-सी तंत्रिका कोशिका किस काम के लिए जिम्मेदार है। ऑप्टोजेनेटिक्स की मदद से अब वैज्ञानिक याददाश्त, भावनाओं और व्यवहार को बेहतर तरीके से समझ पा रहे हैं। इससे डिप्रेशन जैसी मानसिक बीमारियों और दिमाग से जुड़ी दूसरी बीमारियों पर रिसर्च करना भी आसान हुआ है। पुरस्कार की घोषणा स्टॉकहोम के कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट में की गई, जिसके साथ ही नोबेल सप्ताह की शुरुआत हो गई। इस वर्ष पुरस्कार राशि 1.2 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (लगभग 12 लाख अमेरिकी डॉलर) है।



डिप्रेशन और मानसिक बीमारियों को समझना आसान हुआ

रिसर्च का नया रास्ता खोला : नोबेल कमेटी के मुताबिक, इन तीनों वैज्ञानिकों की खोज ने दिमाग को समझने के लिए रिसर्च का एक नया रास्ता खोल दिया है। इस तकनीक का इस्तेमाल आंखों की बीमारियों पर भी किया जा रहा है। वैज्ञानिक यह पता लगा रहे हैं कि इसकी मदद से दृष्टि खो चुके लोगों की आंखों की रोशनी वापस लाई जा सकती है या नहीं।

नीली रोशनी में कोशिका के अंदर जाने लगे आवेशित कण

यह खोज एक बहुत छोटे शैवाल (एल्गी) से शुरू हुई। पीटर हेगेमैन जानना चाहते थे कि क्लैमाइडोमोनास नाम का शैवाल रोशनी की तरफ कैसे मुड़ता है। रिसर्च के दौरान हेगेमैन और जॉर्ज नागेल को इस शैवाल में चैनलरोडॉप्सिन नाम का एक खास प्रोटीन मिला। यह प्रोटीन रोशनी को महसूस करता था। नीली रोशनी पड़ने पर इसमें एक रास्ता खुल जाता था और कोशिका के अंदर आवेशित कण जाने लगते थे। इससे इलेक्ट्रिक सिग्नल बनने लगता था। वैज्ञानिकों ने इस प्रोटीन को दूसरी कोशिकाओं में डालकर देखा। वे कोशिकाएं भी रोशनी की तरफ मुड़ने लगीं।

खबर संक्षेप

अराजकीय अस्थाई विद्यालय आज से जमा करवाएं संबद्धता फार्म

भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ व सचिव दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए सेकेंडरी/सीनियर सेकेंडरी अराजकीय अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय 8 हजार रुपये 18 प्रतिशत जीएसटी सहित संबद्धता आवेदन फार्म व शुल्क 6 अक्तूबर से 31 अक्तूबर, 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से जमा करवा सकते हैं। जो विद्यालय किसी कारणवश निर्धारित तिथियों में अस्थाई संबद्धता आवेदन नहीं करते हैं, वे विद्यालय 5 हजार रुपये विलंब शुल्क 18 प्रतिशत जीएसटी सहित 1 नवंबर से 10 नवंबर, 2026 तक संबद्धता फार्म व शुल्क ऑनलाइन जमा करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त राजकीय, अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय एवं गुरूकुल/विद्यापीठ के लिए संबद्धता फार्म व शुल्क ऑनलाइन भरने की तिथि को बढ़ाकर विलंब शुल्क सहित 16 अक्तूबर कर दिया गया है।

ज्वाइंट डायरेक्टर ने मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

नूंह। ज्वाइंट डायरेक्टर लक्ष्मी नारायण ने शहीद हसन खां मेवाती राजकीय मेडिकल कॉलेज नल्हड़ का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी, आयुष्मान, ऑर्थोपेडिक, एचआईवी लैब, डेंटल, जनरल मेडिसन, स्किन विभाग, सर्जरी, टीबी लैब, नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय और आईसीयू सहित कुल 11 महत्वपूर्ण विभागों का जायजा लिया। अनुपस्थित मिले डॉक्टरों और कर्मचारियों के बारे में जानकारी जुटाकर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने साफ सफाई और मरीजों के बेहतर इलाज देने के संबंध में निर्देशित किया।

जंगल में यूरिया-गुड़ से शराब बनाने का खुलासा

फरीदाबाद। अनंगपुर गांव के जंगलों में अवैध तरीके से शराब बनाने का पुलिस ने खुलासा किया है। क्राइम ब्रांच बड़खल, क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 और आबकारी विभाग की टीम सूचना के आधार पर जंगल में छापेमारी की। दो आरोपी मौके से फरार हो गए। टीम ने मौके पर तैयार करीब 800 लीटर नकली शराब को नष्ट कर दिया। शराब बनाने के लिए यूरिया, गुड़, पेड़ों की छाल और अन्य सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा था।

घर में घुसकर छात्रा पर ब्लेड से हमला

फरीदाबाद। सेक्टर-86 के पास बुढ़ाना गांव में घर में घुसकर बीसीए की छात्रा को ब्लेड से हमला कर घायल कर दिया गया। युवती बीसीए तीसरे वर्ष की छात्रा है। घटना के समय वह घर पर अकेली पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान एक युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर घर में घुस आया और युवती पर ब्लेड से हमला कर दिया। पुलिस आरोपी की पहचान और हमले के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। मूल रूप से उड़ीसा के रहने वाले राजकिशोन ने बताया कि वह एक चिकन शॉप पर काम करते हैं। उनकी बेटी पढ़ाई करने के लिए 3 महीने पहले रहने के लिए आई थी।

फरीदाबाद के सेक्टर 56 में बच्चों के बीच झगड़े ने लिया खूनी रूप

खेलते हुए कहासुनी होने पर 15 वर्षीय किशोर ने 13 साल के दोस्त को चाकू घोंपकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर-56 में खेलते हुए धक्कामुक्की होने पर 15 साल के किशोर ने 13 साल के दोस्त की छाती में चाकू घोंप दिया। घायल को अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, आरोपी किशोर चाकू के साथ फरार हो गया। सेक्टर-58 थाना पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।


मृतक कन्नू।

परिजनों के मुताबिक, कन्नू सेक्टर-56 स्थित आशियाना फ्लैट के ब्लॉक नंबर-14 में परिवार के साथ रहता था। रविवार शाम करीब 7 बजे वह घर के बाहर अपनी एक साल की बहन चाहत को खिला रहा था। इसी दौरान ब्लॉक-13 में रहने वाला 15 वर्षीय किशोर वहां आया। दोनों साथ खेलने लगे। खेलने के दौरान दोनों बच्चों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। इसी विवाद में 15 वर्षीय किशोर ने कन्नू की छाती में चाकू मार दिया। परिजनों का कहना है कि आरोपी अक्सर वहां खेलने के लिए आता था, तभी दोनों में दोस्ती हुई थी। कन्नू के चाचा इकबाल ने बताया कि घटना की जानकारी पड़ोसियों ने फोन कर दी। इसके बाद वह ब्लॉक नंबर-7 से मौके पर पहुंचे। कन्नू को घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कन्नू के पिता यामिन मूल रूप से अलीगढ़, उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। परिवार करीब 5 साल पहले सेक्टर-56 आशियाना फ्लैट में रहने आया था। यामिन कबाड़ की फेरी लगाते हैं। कन्नू से बड़ा उनका बेटा आमिर है, जिसकी शादी दिवाली के बाद होनी है।

घर में घुसे चोर ने 100 रुपये न देने पर रिटायर्ड टीचर की हत्या की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

न्यू कॉलोनी में 75 वर्षीय सेवानिवृत्त महिला अध्यापिका की घर में घुसे चोर ने हत्या कर दी। आरोपी चोरी के इरादे से घर में घुसा था और महिला से 100 रुपये मांग रहा था। महिला के विरोध करने पर उसने हमला कर दिया और फरार हो गया। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो महिला की मौत हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया तो 2-3 घंटे बाद आरोपी को पकड़ लिया गया।

मृतका की पहचान मधु शर्मा (75) के रूप में हुई हैं। मधु स्कूल में टीचर थीं और करीब 15 साल पहले रिटायर हुई थीं। मधु की शादी मेरठ में हुई थी, लेकिन कुछ दिन बाद ही वह ससुराल से वापस आ गई थीं। इसके बाद वह अपने माता-पिता के न्यू कॉलोनी स्थित मकान में रहने लगीं। कई साल पहले उसके माता-पिता की मौत हो गई थी। उसके भाई, भाभी और भतीजे हैं, लेकिन वे अलग रहते हैं। रविवार रात एक युवक मधु के घर में घुसा। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजीव के मुताबिक, संदिग्ध आरोपी नशे का आदी है और उसे लगा था कि पुराना मकान बंद होगा। अंदर महिला को देखकर वह चौंक गया। उसने कुछ कीमती सामान इकट्ठा किया और मधु से 100 रुपये मांग रहा था। इसी दौरान मधु ने चोरी का विरोध किया तो दोनों के बीच हाथापाई हो गई। आरोपी ने उन्हें धक्का दे दिया, जिससे वह जमीन पर गिर गईं और उनकी मौत हो गई। आरोपी मधु के घर से बगल वाले मकान के परिसर में छिप गया, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया।


गुरुग्रामा। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। इनसेट में मृतका का फाइल फोटो।

क्रिकेट ग्राउंड में शराब ठेकेदार की गोलियां मारकर हत्या, साथी घायल

हिसार। कैमरी रोड स्थित बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड में रविवार रात शराब ठेकेदार नरेश और उसके साथी धर्मबीर पर बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इसमें नरेश की मौत हो गई, जबकि साथी धर्मबीर तीन गोलियां लगने से घायल है। पुलिस ने अब घायल उसके साथी धर्मबीर के बयान पर केस दर्ज किया है। धर्मबीर ने पुलिस को दिए बयान में दावा किया है कि वर्ष 2022 में उसके साथी संदीप उर्फ सेठी की हत्या हुई थी। इस मामले में नरेश और वह खुद चश्मदीद गवाह थे। धर्मबीर का आरोप है कि उनकी गवाही से आरोपितों को खतरा था और इसी रंजिश के चलते रविवार रात दोनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई।

घर से बुलाकर ले गए दोस्त, हत्या कर शव केजीपी पर फेंका, दो गिरफ्तार

पलवल। मांदकौल में एक व्यक्ति के अपहरण और हत्या का मामला सामने आया है। शनिवार रात घर से बुलाकर ले जाए गए राजेंद्र उर्फ कल्लन का शव उत्तरप्रदेश के दनकौर थाना क्षेत्र में केजीपी एक्सप्रेस-वे के किनारे बरामद हुआ। मामले में आरोपी के सरेंडर करने के बाद पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के बेटे वंश कौशिक ने गदपुरी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार रात करीब 9 बजे उनके ही गांव के निवासी अनिल और संजय एक ईको वैन में उनके घर पहुंचे। आरोपी काम का बहाना बनाकर उनके पिता राजेंद्र को अपने साथ ले गए। 4 अक्टूबर को मुख्य आरोपी अनिल ने खुद पलवल शहर थाने में हत्या की बात कबूली। पुलिस ने संजय को भी गिरफ्तार कर लिया है।

गन्नौर में 90 हजार रिश्वत लेते पटवारी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भिवानी विजिलेंस टीम ने सोमवार को गन्नौर तहसील में तैनात एक हलका पटवारी को 90 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई निरीक्षक जगजीत के नेतृत्व में गठित टीम ने की। गिरफ्तार आरोपित की पहचान उमेदगढ़ गांव के पटवारी सचिन के रूप में हुई है।

विजिलेंस के अनुसार, रामनगर स्थित सनलाइट कंपनी के बैंक लोन से संबंधित इंद्राज राजस्व रिकॉर्ड में करने के एवज में पटवारी ने कंपनी से जुड़े एक व्यक्ति से दो लाख रिश्वत की मांग की थी। बाद में सौदा एक लाख रुपये में तय हुआ। शिकायतकर्ता ने इसकी सूचना भिवानी विजिलेंस को दी। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस टीम ने सोमवार को पटवारी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। शिकायतकर्ता सुबह पटवारखाना खुलने के बाद पटवारी को रिश्वत की रकम देने पहुंचा। जैसे ही पटवारी ने शिकायतकर्ता से 90 हजार रुपये की रकम ली, पहले से मौजूद विजिलेंस टीम ने उसे दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान विजिलेंस टीम में निरीक्षक जगजीत के साथ एएसआई रेनू, सुखविंदर, एचसी आजाज, नवीन और नरेंद्र शामिल रहे। टीम ने मौके पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की।

गांव बाता में अवैध फैक्ट्री पर छापा मार 134 पेटियां पटाखे किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



सीआईए कलायत की टीम द्वारा गांव बाता में बिना लाइसेंस व परमिट के पटाखे तैयार करने वाली एक फैक्ट्री पर छापेमारी करते हुए 2 आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 गाड़ियों में त्यार 134 पेटियां पटाखे बरामद किए गए हैं।

सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार ने बताया बताया कि सीआईए कलायत के पीएसआई मंजीत कुमार की टीम को गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली थी कि गांव बाता में अवैध रूप से पटाखे बेचे जा रहे हैं। नाकाबंदी कर पुलिस ने उनकी पटाखों की गाड़ी को रोक लिया। पुलिस ने बाता निवासी अंकित व सोमपाल को काबू किया। गाड़ी से 84 पेटियां अवैध पटाखे बरामद हुए। इसके बाद आरोपियों की फैक्ट्री पर छापा मारकर 50 पेटी पटाखे बरामद किए। यहां से कच्चा सामान तथा पैकिंग का सामान भी भारी मात्रा में बरामद किया गया।

मुठभेड़ में पुलिस ने आरोपी को पैर में गोली मारकर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पुलिस के एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने गुहला क्षेत्र में कार्रवाई कर चोरी व छीनाझपटी के कई मामलों के आरोपी को को मुठभेड़ में काबू किया है। आरोपी की पहचान कृपाल उर्फ बल्लू निवासी अलीपुर, पंजाब के रूप में हुई है। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ के प्रभारी मुकेश की अगुवाई में एएसआई अजीत सिंह, एएसआई राममेहर, एएसआई अशोक, एएसआई संदीप व सिपाही सरवन कुमार की टीम गश्त पर थी। उन्हें बल्लू के बुबकपुर से रत्ताखेड़ा जाने वाली सड़क के पास जंगल में हथियार सहित होने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी जंगल की तरफ भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग कर दी। आरोपी द्वारा चलाई गई गोली एएसआई अजीत सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। पुलिस द्वारा की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के घुटने में गोली लगी और उसे मौके पर काबू कर लिया गया। आरोपी द्वारा 4 से फायर किए गए तथा 4 फायर पुलिस की तरफ से हुए। आरोपी के कब्जे से 32 बोर अवैध असला, 3 खाली खोल व एक कारतूस बरामद किया गया। आरोपी पर चोरी छीनाझपटी करीब 5 मामले दर्ज है, जिसमें चार कैथल के हैं।



अंकित हत्याकांड में तीन आरोपियों का सामान कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणवी गायक अंकित बालियान हत्याकांड में फरार चल रहे तीन आरोपियों पर पुलिस ने कानूनी शिकंजा और कस दिया है। न्यायालय के आदेश के बाद उत्तर प्रदेश के शामली से पहुंची पुलिस टीमों ने करनाल और सोनीपत में आरोपियों के घरों पर कुर्की की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान घरों में मौजूद कुर्की योग्य छोटे-बड़े सामान को बाहर निकालकर कैंटर में लादकर ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक सत्यम कादियान, आर्यन संधू और राहुल उर्फ भोलू शाहपुरिया की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस के अनुसार करनाल शहर के कालंदरी गेट क्षेत्र स्थित सोमला जाटान निवासी आर्यन संधू के घर से घरेलू सामान ले जाया गया। बता दें कि शामली के हरियाणवी गायक अंकित बालियान की 26 अगस्त को हत्या कर दी गई थी।



शादीशुदा महिला से मिलने पहुंचे एएसआई को ग्रामीणों ने घेरकर पीटा, कार में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

गांव डाहर में सोमवार को उस समय हंगामा हो गया, जब झज्जर पुलिस में तैनात एक एएसआई के गांव में एक महिला से मिलने पहुंचने की सूचना पर ग्रामीणों ने उसे घेर लिया। एएसआई के साथ मारपीट तथा उसकी कार में तोड़फोड़ करने का आरोप लगा है। हंगामे के बीच एएसआई मौके से निकल गया। मामले में एक बुजुर्ग महिला द्वारा पुलिस और उपायुक्त कार्यालय में दी गई शिकायत भी सामने आई है। शिकायत में डाहर निवासी 75 वर्षीय परमेश्वरी ने अपने बेटे जोगिंद्र की पत्नी और अपने रिश्तेदार एएसआई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, जोगिंद्र की शादी करीब 25 वर्ष पहले हांसी में हुई थी। दोनों की करीब 10 वर्षीय बेटी भी है। परमेश्वरी का आरोप है कि रिश्तेदारी के कारण एएसआई का उनके घर आना-जाना था और इसी दौरान उसकी जोगिंद्र की पत्नी से नजदीकियां बढ़ गईं। परिवार ने इसका विरोध भी किया।

परमेश्वरी ने शिकायत में आरोप लगाया है कि दोनों आरोपियों ने जोगिंद्र को शराब में नशे तथा नींद की गोलियां देकर उसकी हालत बिगाड़ने की साजिश रची, जिससे वह पैरालाइज हो गया। परिजनों ने उसे दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। शिकायत में परमेश्वरी ने आरोप लगाया कि जोगिंद्र के बीमार होने के बाद भी एएसआई का उनके घर आना-जाना जारी रहा। परिवार के सदस्यों द्वारा विरोध करने पर पुलिस पद का प्रभाव दिखाकर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने और धमकाने का आरोप भी लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने अपने बेटे और पोती की सुरक्षा को लेकर भी आशंका जताई है।

दस वर्ष पहले भर्ती हुए रोडवेज चालकों के लिए सेवा सुरक्षा की राह खुली

- सांझा मोर्चा की मांग पर परिवहन महानिदेशक ने 6 अक्टूबर तक मांगा रिकॉर्ड

राजेश्वर बैनीवाल ▶▶ हिसार

हरियाणा रोडवेज में वर्ष 2016 में भर्ती किए गए चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करने की मांग पर सरकार ने प्रक्रिया आगे बढ़ानी शुरू कर दी है। इस संबंध में परिवहन महानिदेशक, हरियाणा ने प्रदेश के सभी महाप्रबंधकों को पत्र जारी कर वर्ष 2016 में भर्ती किए गए चालकों का पूरा रिकॉर्ड मांगा है। विभाग की ओर से संबंधित चालकों की नियुक्ति, भर्ती के माध्यम और सेवा सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्रता समेत विभिन्न जानकारियां निर्धारित प्रोफार्मा में उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

पत्र में कहा गया है कि पिछले माह 8 सितंबर को हरियाणा सरकार के परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में सांझा मोर्चा में शामिल हरियाणा राज्य परिवहन की यूनियनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई थी। बैठक की कार्यवाही के बिंदु संख्या तीन में वर्ष 2016 में भर्ती किए गए चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का किए जाने की मांग रखी गई थी। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि वर्ष 2016 में आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट-2 के तहत भर्ती किए गए चालकों को हरियाणा संविदा कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) अधिनियम, 2024 के तहत निर्धारित पात्रता एवं शर्तें पूरी करने पर सेवा सुरक्षा प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इसलिए वांछित जानकारी 6 अक्टूबर को शाम 4 बजे तक मुख्यालय की स्थापना शाखा-3 की ई-मेल पर भेजना सुनिश्चित करें।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न. 283 दिनांक 25.09.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस थाना सिटी सोनीपत जिला सोनीपत

गुमशुदा की पहचान

नाम- रमेश कुमार ।
पता - वासी वेस्ट राम नगर जिला सोनीपत ।
उम्र - 52 वर्ष ।
कद - 5 फुट 10 इंच ।
हुलियाः- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, काले/सफेद बाल, काली आँखें, बाये हाथ पर अंग्रेजी मे RAMESH लिखा हुआ है।
पहनावा - लाल रंग की टी-शर्ट व सफेद रंग का पायजामा पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.09.2026 को रमेश कुमार वासी हाल वेस्ट राम नगर जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया था। अब तक वापिस नहीं आया हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करें।
प्रबन्धक थाना मो. नं. 7419410532
अनुसंधानकर्ता मो. नं.-9896464225
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/5425/2027/49892/88/6 दि. 05.10.26

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न. 276 दिनांक 19.09.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सिविल लाईन सोनीपत जिला सोनीपत ।

गुमशुदा की पहचान

नाम- किरण ।
पति का नाम- मोहन ।
पुत्री का नाम- सलोनी ।
पता- वासी सैनीपुरा, कामी रोड़ जिला सोनीपत।
किरण की उम्र- 35 वर्ष।
किरण का कद - 5 फुट 2 इंच ।
किरण का हुलियाः रंग गेहुंआ, पतला शरीर, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखें।
किरण का पहनावा : सफेद रंग का सूट, काले रंग की सलवार पहने हुए है।
सलोनी की उम्र- 12 वर्ष ।
सलोनी का कद-3 फुट 6 इंच ।
सलोनी का हुलिया : रंग गेहुंआ, पतला शरीर, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें।
सलोनी का पहनावा : हरे रंग की टी-शर्ट, हरे रंग की पायजामी पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.09.2026 को किरण पत्नी मोहन अपनी पुत्री सलोनी वासी सैनीपुरा, कामी रोड़ जिला सोनीपत, को साथ लेकर बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी थी। अब तक वापिस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना मो. नं. -7419410533
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 8930545450
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
पीआरडीएच-1084/11/5429/2027/49913/88/6 दि. 05.10.26 मुख्यालय, सोनीपत।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 382 दिनांक 01.10.26 धारा 127 (6) BNS थाना शिवा जी कालोनी जिला रोहतक।

गुमशुदा की पहचान बारे

नाम- वशं
पिता/पति का नाम - रविन्द्र
पता- निवासी रिटोल रोहतक
उम्र- 14 वर्ष
कद-5 फुट ।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा, जो स्कूल की हरे रगं की टी शर्ट व काली निकर पहने हुए है।



रोहतक उपरोक्त कि दिनांक 30.09.26 को रविन्द्र उपरोक्त ने अपने लड़के वंश जिसकी उम्र 14 वर्ष ने हाजिर थाना आकर एक दरखास्त घर से लापता की गई अभियोग पंजीकृत हुआ है यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।
1. प्रबन्धक थाना शिवा जी कालोनी रोहतक – 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200,

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 245 दिनांक 30.09.26 धारा 127 (6) BNSS थाना अर्बन एस्टेट जिला रोहतक ।

गुमशुदा की पहचान बारे

नाम- रोशनी
पिता/पति का नाम – राजेन्द्र
पता- निवासी शीला बाई पास रोहतक
उम्र- 15 वर्ष
कद- 5 फुट 2 ईच ।
हुलिया- गोल चेहरा, रंग गेहुआ

रोहतक उपरोक्त ने हाजिर थाना आकर एक दरखास्त घर से लापता की गई अभियोग पंजीकृत हुआ है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।
1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक – 70829994122, 9254047186
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894

HAFED CATTLE FEED PLANT, ROHTAK

(A UNIT OF THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED) HAFED
TEL: 276709, FAX: 277101, E-mail: cfphfdrtk@hry.nic.in
Web-site: www.hafed.gov.in

SHORT TENDER NOTICE

Tender are invited from the reputed contractors for construction and various type repair work details are given below:-

S.N	Name of work	Estimated cost.	Publication Date.	Closing Date.	EMD	Time Limit
1	Construction of boundary wall after dismantling old fallen boundary wall at Hafed Cattle Feed Plant Rohtak.	13,05,769/- (including 18% GST +5% contingency charges)	06.10.2026	12.10.2026 11.00 AM	26000/-	45 Days.

Interested parties may collect the DNIT and related Documents from e-procurement Haryana online portal from 06.10.2026 to 12.10.2026 till 11:00 AM on Payment of Rs-500 only. Online e-tender Duly filled in should be accompanied with above said earnest money in the shape of bank demand draft/ Online transfer in favour of "Haryana State cooperative supply and marketing federation Limited Payable at Rohtak" (copy attached in online e-tender portal along with other documents). Interested parties are requested to submit their bid on e-procurement Haryana online portal up to 11:00 A.M. on 12.10.2026 and the same will be opened on the same day at 2.00 P.M in the presence of parties or their authorized representative in the Hafed Cattle Feed Plant, Rohtak.
Hafed reserves the right to accept/reject any or all the quotations without assigning any reasons whatsoever.

Sd/- General Manager,
HCFP, Rohtak

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

DD नं. 27- दिनांक-03.10.26 धारा- 194 BNS आर्य नगर रोहतक ।

अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे

नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम - नामालूम
पता - नामालूम
हुलिया- सावलां रंग, दुबला पतला शरीर, कद- 5 फुट 6 ईंच AGE 50/55



दिनांक 03.10.26 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति जो सिविल हस्पताल ईलाज के दोरान रैफर PGIMS रोहतक किया गया वहां मृत्यु हो गई जिसके परिजनों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना रोहतक आर्य नगर द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतु 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।
1. प्रबन्धक थाना रोहतक– 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100

पीआरडीएच-1084/11/5433/2027/49919/88/6 दि. 05.10.26

खबर संक्षेप

भरण-पोषण केस में पेश नहीं हुए गायक पवन



बलिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार विधान परिषद सदस्य और भोजपुरी गायक पवन सिंह अपनी मां की तबीयत अचानक खराब होने के कारण सोमवार को बलिया स्थित परिवार न्यायालय में भरण-पोषण से संबंधित मामले की निर्धारित सुनवाई में उपस्थित नहीं हो सके। पवन सिंह के अधिवक्ता हरिवंश सिंह ने बताया कि अपर प्रधान न्यायाधीश कमला पति प्रजापति की अदालत में ज्योति सिंह द्वारा अंतरिम भरण-पोषण के लिए दाखिल वाद पर सुनवाई सोमवार को निर्धारित थी।

महाराष्ट्रः पटाखा गोदाम में आग, 2 मरे, 7 झुलसे

हिंगोली। महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में सोमवार रात पटाखों के गोदाम में आग लग गई। हादसा रात 8 बजे मारवाड़ी गली में हुआ। आग तेजी से फैली और पटाखे फटने से रुक-रुककर धमाके हुए। इससे इलाके में दहशत फैल गई। आग से कुछ घर और गली में खड़े दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। यह पटाखा गोदाम गोपाल बस्तवार का बताया गया है। 2 लोगों के शव मिले हैं। बुरी तरह जल जाने के कारण उनकी पहचान नहीं हो पाई है।

दिल्ली में पुलिस मुठभेड़ के बाद दो शूटर गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली पुलिस ने दुबई में बैठे गैंगस्टर राशिद केबलवाला के इशारे पर रंगदारी को लेकर एक कारोबारी के घर पर गोलीबारी करने के आरोपी दो शूटर को यहां मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की पहचान कैफ उर्फ डीजे (23) और जसीम उर्फ आलू (23) के रूप में हुई है, उनके पैरों में गोली लगी है और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। पूर्वी रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त (जेसीपी) मिलिंद महादेव डुंबरे ने पत्रकारों को जानकारी दी।

बेंगलुरु में जिम ट्रेनर की पीट-पीटकर हत्या

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में कहासुनी के बाद 25-वर्षीय एक जिम ट्रेनर की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान येलहंका के जक्कुरु लेआउट निवासी नंदन के रूप में हुई है। वह सहकारा नगर स्थित एक जिम में ट्रेनर था। उसने बताया कि यह घटना रविवार सुबह केम्पापुरा इलाके में हुई। हत्या के सिलसिले में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। आरोपी -विश्वनाथ, शरद और निशांत- जिम ट्रेनर नंदन के सहकर्मी हैं, जबकि अनुश जिम में कसरत के लिए आता है।

दिल्ली से आइजोल जा रही फ्लाइट में चार डॉक्टरों ने बचाई महिला की जान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ उड़ान में बिगड़ी 32 वर्षीय किडनी मरीज की हालत

डॉक्टरों ने ऑक्सीजन दिया

आसमान में उड़ते विमान में जब 32 वर्षीय महिला की सांसें उखड़ने लगीं तो चार डॉक्टर उसके लिए मसीहा बनकर सामने आए। दिल्ली से आइजोल जा रही इंडिगो की उड़ान में 3 अक्टूबर को क्रॉनिक किडनी डिजीज से पीड़ित महिला की हालत अचानक गंभीर हो गई। उसका ऑक्सीजन सैचुरेशन गिरकर करीब 40 प्रतिशत पहुंच गया और उसे सांस लेने में बेहद परेशानी होने लगी। केबिन क्रू ने विमान में डॉक्टर की मदद के लिए घोषणा की।

इसके बाद गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. बेंजामिन खियांगटे, पीडियाट्रिशियन एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. एफ. रेमथांगपुई और जनरल सर्जन डॉ. विली लालह्लुइटलुआंगा मदद के लिए पहुंचे। विमान में मौजूद वरिष्ठ चिकित्सक और पूर्व केंद्रीय मंत्री भागवत कराड ने भी शुरुआत में 30-35 मिनट तक महिला की देखभाल की थी। डॉक्टरों ने महिला को ऑक्सीजन और इनहेलर दिया तथा स्टेरॉयड देने के बाद उसका ऑक्सीजन स्तर कुछ समय के लिए 70-80 प्रतिशत तक पहुंचा, लेकिन फिर गिरने लगा। इमरजेंसी लैंडिंग के बाद उसे लेंगपुई कम्युनिटी हेल्थ सेंटर ले जाया गया।

पंजाब में बस पलटने से छात्र समेत चार लोगों की मौत

भाषा ▶▶ चंडीगढ़



■ बस मनाली से अमृतसर जा रही थी, 17 लोग घायल

पंजाब के शहीद भगत सिंह नगर जिले में सोमवार को एक बस पलट जाने से एक छात्र समेत चार लोगों की मौत हो गई और 17 घायल हो गए। जिले के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि चालक द्वारा वाहन पर नियंत्रण खो देने के कारण यह हादसा हुआ।

बस मनाली से अमृतसर जा रही थी। जिले के सदर बंगा थाने के प्रभारी (एसएचओ) परगट सिंह ने बताया कि बस में कम से कम 40 यात्री सवार थे और उनमें कई विद्यार्थी शामिल थे। एसएचओ ने कहा कि हादसे में एक निजी विश्वविद्यालय के छात्र समेत चार लोगों की मौत हो गई और 17 घायल हैं। घायलों में से दो-तीन को लुधियाना के एक अस्पताल में भेजा गया है।

अमृतसर में कांग्रेस नेता बस्सी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ अमृतसर



पार्षदों को थाने से बाहर निकाला

विदेश भागने की तैयारी में थेः पंजाब पुलिस

अमृतसर में कांग्रेस नेता और इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन दिनेश बस्सी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना सिविल लाइन ने फ्रॉड के मामले में ये कार्रवाई की। यह केस बस्सी के बेटे वंश बस्सी और उसके दोस्त अमित बजाज के खिलाफ दर्ज है। बस्सी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस के पार्षदों ने थाने के बाहर धरना दिया। इस दौरान पार्षद थाने के अंदर जाने की कोशिश करने लगे। इस पर पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें खींचकर थाने से बाहर निकाल दिया। कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला भी धरने में पहुंचे। हंगामे के बीच थाने का दरवाजा भी बंद कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, दिनेश बस्सी को थाना सिविल लाइन में दर्ज मुकदमे के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना मिली थी कि दिनेश बस्सी गिरफ्तारी से बचने के लिए विदेश भागने की तैयारी में थे। पुलिस को जानकारी मिली थी कि दिनेश गवाहों को डराने-धमकाने की कोशिश कर जांच को प्रभावित कर सकते हैं। इस कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

यह है मामला

शिकायतकर्ता कंवरदीप सिंह के मुताबिक, 26 जून, 2023 को एक जमीन का एग्रीमेंट टू सेल किया गया था। इस संपत्ति के लिए उसने आरोपियों को 50 लाख दिए थे। इसके बाद इकरारनामे को कभी रद्द नहीं किया गया और आपसी सहमति से इसे कई बार मौखिक रूप से आगे बढ़ाया जाता रहा। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि इसके बावजूद अमित बजाज ने उसकी अनुमति के बिना 10 अक्टूबर 2025 को यह दस्तावेज वंश बस्सी के पक्ष में कर दिया। आरोप है कि दोनों ने इकरारनामा अपने नाम कर लिया, लेकिन उसके द्वारा पहले दी गई 50 लाख की राशि वापस नहीं की।

मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा, कई राज्यों में बारिश बन रही आफत

20 राज्यों के लिए अलर्ट जारी, 60 किमी की रफ्तार से तूफान आने की संभावनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब एक बार फिर से बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बनने की सुगबुगाहट तेज हो गई है



भारत के विभिन्न हिस्सों में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। कुछ राज्यों में बारिश आफत बन रही है। कुछ सप्ताह पहले बंगाल की खाड़ी में पैदा हुए तूफान की वजह से बिहार, झारखंड, बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई। इससे बाढ़ जैसे हालात बन गए। इसके बाद मौसम का मिजाज कुछ दिनों तक शांत रहा।

अब एक बार फिर से बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बनने की सुगबुगाहट तेज हो गई है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने की वजह से बिहार-झारखंड समेत तमाम पूर्वी राज्यों में तूफानी हवा के साथ ही मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। उत्तर भारत में एक और मौसमी सिस्टम एक्टिव होने की स्थिति बनी हुई है।

दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में हल्की बारिश का अनुमान

इसके प्रभाव से दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उप्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के मौसम में बदलाव आने का पूर्वानुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कुछ राज्यों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जताई है। इसके साथ ही कम से कम 20 राज्यों के लिए तल्ख मौसम का अलर्ट जारी किया गया है। देश के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहने की संभावना है। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, 10 अक्टूबर के बीच पूर्वोत्तर, पूर्वी, दक्षिणी और मध्य भारत के विभिन्न राज्यों में बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 6 से 10 अक्टूबर के बीच हल्की से छिटपुट बारिश हो सकती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 10 अक्टूबर तक बारिश की संभावना जताई गई है। हिमाचल और उत्तराखंड में भी इस अवधि के दौरान बारिश के साथ गरज-चमक और तेज हवाओं का असर देखने को मिल सकता है।

अन्य राज्यों का हाल

- पश्चिमी भारत में कोंकण और गोवा तथा मध्य महाराष्ट्र में 7 और 8 अक्टूबर को अलग-अलग स्थानों पर बारिश हो सकती है
- दक्षिण भारत के राज्यों में 10 तक बारिश की गतिविधियां जारी रहने का अनुमान है तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक तथा तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में इस अवधि के दौरान अलग-अलग स्थानों पर बारिश हो सकती है
- छत्तीसगढ़ में कल से अलग-अलग स्थानों पर बारिश का अनुमान है। पूर्वी मध्य प्रदेश में 7 से 9 अक्टूबर और पश्चिमी मध्य प्रदेश में 9 तथा 10 अक्टूबर को बारिश हो सकती है
- अरुणाचल, असम व मेघालय में कहीं-कहीं भारी बारिश और बिजली गिरने की भी आशंका

सीएम ऑफिस में करप्शन की जांच सीबीआई करेगी



पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने जांच सौंपी


कोर्ट के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी पंजाब सरकार

चंडीगढ़। पंजाब में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले ईडी के बाद सीबीआई की भी राज्य में एंट्री हो गई है। पंजाब के मुख्यमंत्री के ऑफिस से जुड़े सरकारी टेंडर, ट्रांसफर-पोस्टिंग समेत कई मामलों में कथित करप्शन के मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय जांच एजेंसी को जांच सौंप दी। कोर्ट ने सीबीआई को इस मामले में केस दर्ज कर 2 महीने के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा है। कोर्ट ने इसे गंभीर प्रकृति का मामला माना है। चीफ जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की पीठ ने कहा कि पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस निष्पक्ष जांच करने में सीबीआई को हरसंभव मदद करेंगे। यह फैसला एडवोकेट निखिल सरांफ की तरफ से दायर याचिका पर आया है। पंजाब के वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच सीबीआई को सौंपने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पंजाब सरकार उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी।



असम और तमिलनाडु में उपचुनाव की बिसात तैयार, आज वोटिंग, तैयारी पूरी

भाषा ▶▶ नगांव/चेन्नई



असम के मुस्लिम बहुल लोकसभा क्षेत्र नगांव और तमिलनाडु की दो विधानसभा सीट पर उपचुनाव की बिसात बिछ चुकी है तथा राजनीतिक दलों ने जीत हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। मतदान मंगलवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा जबकि मतगणना नौ अक्टूबर को होगी। अधिकारियों ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा समेत सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगांव लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव में जहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीत हासिल कर अपना दायरा बढ़ाना चाहती है, वहीं कांग्रेस इस सीट पर अपनी पकड़ मजबूत रखते हुए इसे बरकरार रखने के लिए पूरी दमखम लगाये हुए है। चुनावी मैदान में तीसरी प्रमुख पार्टी एआईयूडीएफ अपना प्रभाव बनाए रखने की कोशिश कर रही है। अप्रैल में हुए विधानसभा चुनाव में एआईयूडीएफ के विधायकों की संख्या 16 से घटकर केवल दो रह गई थी। उपचुनाव में कुल 15 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें नौ निर्दलीय उम्मीदवार हैं।

नंदीग्राम में थाना प्रभारी को बदला

कोलकाता। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले की नंदीग्राम विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव से एक दिन पहले एक थाने के प्रभारी निरीक्षक को बदल दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौजूदा प्रभारी अजय कुमार मिश्रा की जगह देबाशीष सरकार को नियुक्त किया गया है।



महाराष्ट्रः सरकारी स्कूल में 82 छात्रों का आधा सिर मुंडवाया



चंद्रपुर। महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में एक सरकारी आश्रम स्कूल के 82 छात्रों को आधा गंजा कर देने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यह घटना शनिवार को चिमूरा तालुका के जंभुलघाट स्थित सरकारी सेकेंडरी आश्रम स्कूल में हुई है। आश्रम से मिली जानकारी के मुताबिक, आश्रम में शनिवार सुबह को बच्चों के बाल काटे जा रहे थे। इसी दौरान कुछ बच्चे खेल रहे थे। बच्चों के इसी व्यवहार से सुपरिटेंडेंट प्रशांत मेश्राम नाराज हो गए। उन्होंने गुस्से में 82 बच्चों के आधे बाल कटवा दिए। मामले का खुलासा हुआ तो अभिभाववक भड़क उठे। प्रिंसिपल प्रशांत गिरी ने सुपरिटेंडेंट को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

गांधीजी पर आपत्तिजनक रील बनाकर पोस्ट की, महिला इंफ्लूएंसर गिरफ्तार



सूरत। सूरत में महात्मा गांधी की तस्वीर वाले 500 रुपये के नोट पर आपत्तिजनक रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने महिला इंफ्लूएंसर को गिरफ्तार किया है। सूरत पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच ने सोमवार को यह कार्रवाई की। आरोपी की पहचान सिमरन पटेल (47) के रूप में हुई है। उसके इंस्टाग्राम पर करीब 10 लाख फॉलोअर्स हैं। अगर महिला दोषी साबित हुई तो तीन साल की सजा हो सकती है। पुलिस के मुताबिक, सिमरन ने 1 अक्टूबर को दोपहर एक बजे से 6 बजे के बीच इंस्टाग्राम पर यह रील अपलोड की थी। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती थी। इसके बाद एक नागरिक ने पुलिस से शिकायत की।

सुको ने 135 साल पुरानी लाइब्रेरी पर जवाब मांगा



पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने उठाया था

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र से पूछा- सेंट्रल विस्टा में 8.5 लाख किताबों के लिए कितनी जगह

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र से 135 साल पुराने केंद्रीय सचिवालय पुस्तकालय के लिए आवंटित की जाने वाली जगह की जानकारी और वास्तविक भवन योजना का ब्योरा देने को कहा। अदालत का यह निर्देश उन खबरों के बीच सामने आया है कि नयी सेंट्रल विस्टा योजना में पुस्तकालय के लिए कोई जगह आवंटित नहीं की गई है। केंद्रीय सचिवालय पुस्तकालय में 8.5 लाख से अधिक किताबें हैं और यह शास्त्री भवन में स्थित है जिसे सेंट्रल विस्टा योजना के तहत ध्वस्त किए जाने का प्रस्ताव है। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी कर उससे हलफनामा दाखिल कर पुस्तकालय के लिए आवंटित किए जाने वाले क्षेत्र का पूरा ब्योरा तथा वास्तविक भवन योजना बताने को कहा है। शीर्ष अदालत 'इन रीः 135-वर्ष पुराने पुस्तकालय, 8.5 लाख किताबें-और सेंट्रल विस्टा योजना में कोई जगह नहीं' शीर्षक वाले मामले की स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रही है। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से पूछा, "अब आप इस पुस्तकालय के लिए कितनी जगह देने की योजना बना रहे हैं?" भाटी ने पीठ को बताया कि वर्तमान में पुस्तकालय के पास 4,144 वर्ग मीटर क्षेत्र है और अब उसे करीब 5,200 वर्ग मीटर क्षेत्र आवंटित किया जाएगा। सुनवाई की शुरुआत में पीठ ने कहा कि इस मुद्दे को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने उठाया था। एक खबर का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि यह पुस्तकालय 1891 से अस्तित्व में है।

■ सेबी के चेयरमैन पांडेय ने निवेशकों को सावधान रहने को कहा

सुझावों, सोशल मीडिया की सलाह से सावधान रहें निवेशक : पांडेय

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को निवेशकों को अज्ञात स्रोतों से मिलने वाली निवेश सलाह, सोशल मीडिया पर वित्तीय सलाह देने वालों और रिटर्न को लेकर बढ़ा-चढ़ाकर किए जाने वाले दावों से सावधान रहने को कहा। पांडेय ने यह बात सेबी की देशव्यापी निवेशक जागरूकता पहल 'प्रोजेक्ट जागरूक' की शुरुआत के मौके पर पंजाब विश्वविद्यालय में कही। उन्होंने सेबी के निवेशक सर्वेक्षण के निष्कर्षों का हवाला देते हुए कहा कि प्रतिभूति बाजार के बारे में जागरूकता और उसमें वास्तविक भागीदारी के बीच अंतर है।

■ सेबी ने देशव्यापी निवेशक जागरूकता पहल की शुरू



लाभ लेने निवेश जल्द शुरू करना चाहिए

पांडेय ने कहा कि निवेश जल्द शुरू करना चाहिए और लगातार उसका लाभ लेने के लिए उसे जारी रखना चाहिए तथा निवेश में विविधता लानी चाहिए। पांडेय ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति बाजार पहले के मुकाबले अधिक लोकतांत्रिक और सुलभ है, लेकिन केवल पहुंच पर्याप्त नहीं है। निवेशकों को भी पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए।

जागरूकता बढ़ाना बुनियादी ढांचे का हिस्सा

चेयरमैन ने कहा, ''इसीलिए निवेशकों में जागरूकता बढ़ाना बाजार के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। मजबूत बाजार के लिए केवल शेयर बाजार, समाशोधन निगम और डिपॉजिटरी ही नहीं, बल्कि जानकार प्रतिभागी भी जरूरी हैं। 'प्रोजेक्ट जागरूक' इसी सिद्धांत को आगे बढ़ाने का प्रयास है।''

किसी की सलाह पर कोई निवेश न करे

निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर जोर देते हुए पांडेय ने कहा कि निवेशकों को केवल इसलिए निवेश नहीं करना चाहिए कि किसी ने इसकी सलाह दी है या हर कोई निवेश कर रहा है। उन्होंने कहा, ''निवेश तभी करें जब आप इसे समझते हों। यही 'प्रोजेक्ट जागरूक' का उद्देश्य है। समझ के साथ निवेश करना आसान है।''

छात्रों से अवसरों का लाभ उठाने, सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का किया आह्वान

कीट डीम्ड विवि के दीक्षांत समारोह में 10 हजार से अधिक छात्रों को डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर

कीट डीम्ड विश्वविद्यालय का तीन दिवसीय 22वां वार्षिक दीक्षांत समारोह सोमवार को संपन्न हो गया। समारोह में 10 हजार से अधिक छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की डिग्रियां प्रदान की गईं। देश-विदेश से पहुंचे गणमान्य अतिथियों और शिक्षाविदों ने स्नातक छात्रों से उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने, नवाचार को अपनाने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव ने कीट की यात्रा को "दृष्टि, दृढ़ता और संकल्प" की मिसाल बताया। उन्होंने संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत, विश्वविद्यालय के नेतृत्व, शिक्षकों और कर्मचारियों के उच्च शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान की सराहना की।

उत्कृष्ट छात्रों को स्वर्ण एवं रजत पदक मिले



दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को संस्थापक स्वर्ण पदक, कुलाधिपति स्वर्ण पदक, पीके बाल स्मृति स्वर्ण पदक, पारादीप फॉस्फेट्स लिमिटेड स्वर्ण पदक, ननीबाला स्मृति स्वर्ण पदक, कृष्ण चंद्र पंडा स्मृति स्वर्ण पदक और डॉ. वाटी परमहंस स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इसके अलावा कुलपति रजत पदक, डॉ. नितीश कांत रजत पदक और श्रीमती मंजू रथ रजत पदक भी दिए गए। डिग्री प्राप्त छात्रों ने अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज एवं राष्ट्र के विकास में करने का संकल्प लिया।

रुपया 10 पैसे टूटकर 96.35 प्रति डॉलर पर

मुंबई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के कारण अमेरिकी मुद्रा सोमवार को 10 पैसे की गिरावट के साथ 96.35 प्रति डॉलर पर बंद हुई। कारोबार के दौरान भारतीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 96 के अहम स्तर के आसपास सीमित दायरे में रही।

पी.एम.श्री. राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोरी (2529)
खण्ड खोल, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)
निविदा/ बोली आमंत्रण सूचना
सभी योग्य एवं इच्छुक ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि पी.एम.श्री. राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोरी (2529), खण्ड खोल, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)-123101 के विद्यालय परिसर में 15 जर्जर कमरों को तुड़वाने व मलबे को हटवाने की बोली दिनांक 08.10.2026 को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय परिसर में लगाई जाएगी। एस.एस.ए. की संबंधित नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी। सभी शामिल बोलीदाताओं को बोली से पूर्व 25 प्रतिशत राशि तथा सफल बोलीदाता को मौके पर ही 100 प्रतिशत राशि जमा करानी होगी।
प्रिंसिपल/SMC
पी0 एम0 श्री0 रा0 व0 मा0 वि0 खोरी (2529)
मोबाइल नंबर 9416133664

खेत की मिट्टी की सेहत जांचने के लिए हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड की बड़ी पहल

एचयूआरएल ने अपनाई पतंजलि की 'धरती का डॉक्टर' तकनीक

हरिद्वार। किसानों को उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल के प्रति जागरूक करने और खेती की लागत कम करने की दिशा में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने पतंजलि समूह की 'भरुआ एग्री साइंस' की ओर विकसित स्वचालित मृदा परीक्षण मशीन 'धरती का डॉक्टर' को अपनाते हुए उत्तर प्रदेश और बिहार में मृदा परीक्षण सुविधाएं लैब स्थापित की हैं। इस तकनीकी अभियान के तहत एचयूआरएल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद और पूर्वांचल के प्रमुख केंद्र गोरखपुर जनपद में पहली मृदा परीक्षण लैब स्थापित की है, जो इस क्षेत्र के किसानों के लिए एक बड़ी सौगात है। एचयूआरएल ने उत्तरप्रदेश और बिहार के जनपदों के लिए पतंजलि समूह से ऐसी 9 मशीनें खरीद कर स्थापति की हैं, जिनके माध्यम से किसान अपने खेतों की मिट्टी की निशुल्क जांच करा सकेंगे। एचयूआरएल की यह पहल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उर्वरकों की उपलब्धता के साथ-साथ उनका सही मात्रा में इस्तेमाल भी खेती की उत्पादकता और किसानों की आर्थिक स्थिति से जुड़ा है। किसान अक्सर अनुमान या परंपरागत तरीके से खेतों में यूरिया, डीएपी और दूसरे उर्वरकों का इस्तेमाल करते हैं। जबकि हर खेत की मिट्टी में पोषक तत्वों की स्थिति अलग होती है। एचयूआरएल के प्रबंध निदेशक एसपी मोहंती ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के क्षेत्र गोरखपुर जनपद और पूर्वांचल के कई जिलों सहित मेरठ और बिहार के बक्सर जनपद के कई शहरों सहित अन्य जिलों में करीब नौ 'धरती का डाक्टर' मृदा परीक्षण लैब की स्थापना की।

12मानकों पर मिट्टी की जांच करती है 'धरती

एचयूआरएल की मृदा परीक्षण पहल में इस्तेमाल की जा रही 'धरती का डॉक्टर' मशीन की एक प्रमुख विशेषता इसकी स्वचालित परीक्षण व्यवस्था है। 'भरुआ एग्री साइंस' के अनुसार, मशीन मिट्टी के 12प्रमुख मानकों की जांच करती है। इनमें पीएच, विद्युत चालकता (ईसी), जैविक कार्बन, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटैशियम, सल्फर, जिंक, आयरन, कॉपर, मैंगनीज और बोरॉन शामिल हैं। इन मानकों से मिट्टी की अम्लीय या क्षारीय प्रकृति, लवणों की स्थिति, जैविक कार्बन और प्रमुख एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के स्तर को समझने में मदद मिलती है। मशीन से प्राप्त परिणामों के आधार पर मिट्टी की स्थिति का आकलन किया जा सकता है और उसके अनुरूप उर्वरक प्रबंधन की सलाह दी जा सकती है।

ग्राम पंचायत जागसी सहरावत
खण्ड मुण्डलाना, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा)
मो. नं. 9812000730
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जागसी सहरावत के आठ पंचायती तालाबों रासल वाला, भूरे वाला, पीएचसी वाला, बड़ा वाला, धानक वाला, भूरम्मी वाला, रामसर वाला और जहाला वाला की बोली मत्स्य पालन हेतु दिनांक 12.10.2026 को प्रातः 11 बजे धौली चौपाल में की जानी है। बोली की जमानत राशि 50 हजार रुपये होगी। बोली राशि मौके पर जमा करवानी होगी। उक्त तालाबों को 8 साल के लिए पट्टे पर दिया जाएगा। बोली की बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए सरपंच ग्राम पंचायत जागसी सहरावत से सम्पर्क कर सकते हैं।
हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत जागसी सहरावत
तह. गोहाना (सोनीपत)

ई-नीलामी सूचना
इच्छुक खरीददारों से ई-नीलामी फॉर्म आमंत्रित किये जाते हैं, जो कि सरक्षी से "जैसा है जहां है" के आधार पर निपटान हेतु, प्रभावित क्षतिग्रस्त इमारत/पी एंड एम/कच्चे माल का स्टॉक (ईवीए रेजिन (ई282पीवी), पीओई डॉप-(8660), एलजी पीओई(675)):-लगभग मात्रा:-81,283 किलोग्राम और कच्चा माल (पेरॉक्साइड, ताई क्रॉस, सिलेन, आरा1020):-लगभग मात्रा:-4,354 किलोग्राम और तैयार स्टॉक (तैयार माल):-लगभग मात्रा:-40,355 वर्गमीटर और एफ पेल का बिल्डिंग स्क्रैप लगभग मात्रा:- 5000 किलोग्राम एसएस स्क्रैप *पाइप/वर्ग पाइप/चैनल लगभग मात्रा:-500 किलोग्राम और एल्युमीनियम स्क्रैप लगभग मात्रा:-100 किलोग्राम, अधिक जानकारी के लिए कृपया मेसर्स सात्विक सोलर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित भागीदारी फॉर्म देखें। ऊपर दिए गए सामान का इंस्पेक्शन हदबस्त नंबर 222, तहसील साहा, गांव दुबली, अंबाला हरियाणा-133102 पर 06/10/26 से 13/10/26 के बीच, मिस्टर रितेश ठाकुर, मोबाइल नंबर: - 8988002000 से पहले अपॉइंटमेंट लेकर किया जा सकता है। ई-ऑक्शन 14/10/26 को होगा। ई-ऑक्शन फॉर्म के लिए, श्री नीरज सदाना से मोबाइल नंबर 8434340000 पर संपर्क करें।
ई-ऑक्शन इनसाइट्स प्राईवेट लिमिटेड (नीलामीकर्ता)
प्लॉट- 148, स्ट्रीट #11, आशड़ा एक्लेव, गुरुद्वारा साहिब मालोमाजरा के पास, तहसील और जिला पटियाला, पंजाब - 147001
या अधिक जानकारी के लिए हमें ईमेल करें
info@eauctionbharat.com
ई-ऑक्शन फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 13/10/26 को शाम 05:00 बजे से पहले है।

उत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना
वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है:–

कार्य का नाम	गरीब रथ/आईसीएफ पावर कार से डीए सेट मय उपस्कर एवं पावर पैनल को हटाना/उतारना		
निविदा प्रकार	खुला	बोली प्रणाली	एकल पैकेट प्रणाली
निविदा विक्रय समापन तिथि	27.10.2026 प्रातः 11:30 बजे।	निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय	05.10.2026 16:54
पूर्व–बोली आवश्यक है	नहीं	आज तक प्री–बिड क्वेरी	ना
विज्ञापन मूल्य	रु. 45,73,680/- सभी कर जीएसटी आदि सहित।	निविदा अनुभाग	टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप।
अग्रिम धन	रु. 91500/-	ऑफर की वैधता	60 दिन
निविदा दस्तावेज़ लागत	Nil (अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार)	समापन की अवधि	06 महीने
बोली आरंभ तिथि	13.10.2026	बोली समाप्ति तिथि	27.10.2026 प्रातः 11:30 बजे।
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है।		
वेबसाइट	www.ireps.gov.in पर जाएं		

56/W/Elect/26-27/T/02 / गरीब रथ 3441/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

TENDER NOTICE
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आयुक्त, मनरेगा-कम-निदेशक एवं विशेष सचिव ग्रामीण विकास विभाग हरियाणा चंडीगढ़ कार्यालय के पत्र क्रमांक MGNREGA-FM-2025/9179 दिनांक 02.02.2025 के द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार खण्ड पिल्लूखेड़ा, जिला जींद में VB-G-RAM-G/MGNREGA के तहत करवाए जाने वाले पक्के कार्यों जैसे कि भवन निर्माण, रेटाइनिंग वाल, कंपाउंड वाल खड़ंजा ईंटो से रास्ता निर्माण इत्यादि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री (जैसे सीमेंट, क्रेसर रेती, जमना रेती, रोड़ी वाएसी पेवर ब्लॉक, ईंट इत्यादि) के लिए खंड स्तर पर वेंडर तय किये जाने हैं। उपायुक्त महोदय-कम-अध्यक्ष, जिला स्तरीय खरीद कमेटी, जीन्द के पत्र कमांक PRJ-2026/531-539 दिनांक 11.02.2026 द्वारा सामग्री के DC रेट निर्धारित किए गए हैं। उक्त DC रेटों से कम रेट पर मैटिरियल उपलब्ध करवाने वाले स्पलायर / वेंडर / फर्म अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 30.10.2026 तक लिखित रूप में कुटेशन / मूल्य सूची दर VB-G-RAM- G/ MGNREGA शाखा कमरा न. 05 में देना सुनिश्चित करें। उक्त कुटेशन अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में खंड स्तरीय खरीद कमेटी के समक्ष दिनांक 05.11.2026 को प्रातः 11:00 बजे खोली जाएगी।
हस्ता/-खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी,
पिल्लूखेड़ा, जिला जीन्द, हरियाणा

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।
मु.न. 520 दिनांक 19.09.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना खरखौदा जिला सोनीपत
गुमशुदा की पहचान
नाम- प्रतीक्षा।
पिता का नाम- परवेश।
पता - वासी गाँव फिरोजपुर जिला सोनीपत।
उम्र - 18 वर्ष।
कद- 5 फुट 3 इंच।
हुलिया:- रंग गेहुआ, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें।
पहनावा - सुट-सलवार पहने हुए है।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18.09.2026 को प्रतीक्षा पुत्री परवेश वासी गाँव फिरोजपुर जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई थी। अब तक वापिस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना मो. नं. - 7419410536
अनुसंधानकर्ता मो. नं. -9050230954
कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100
हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/5431/2027/49915/88/6 दि. 05.10.26



ज्योतिष


कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

1,499 के 'जियोभारत 4जी ' फोन पर मिलेगा 6 महीने का रिचार्ज फ्री

मुंबई। जियो ने अपने 10वें एनिवर्सरी ऑफर में जियोभारत 4जी फोन 1,499 रुपये में ढेने के साथ 6 महीने का रिचार्ज फ्री कर दिया है। इस दौरान ग्राहकों को हर महीने 14जीबी डेटा और अनलिमिटेड एचडी वॉयस कॉलिंग मिलेगी। यानी फोन खरीदने के साथ ही अगले छह महीने के रिचार्ज की चिंता खत्म। अब अलग से रिचार्ज पर पैसा खर्च नहीं करना होगा। कंपनी ने इस ऑफर को खास तौर पर अभी भी 2जी फीचर फोन इस्तेमाल कर रहे ग्राहकों को ध्यान में रखकर पेश किया है। जियो के मुताबिक ऐसे ग्राहक आम तौर पर करीब 199 रुपये महीना रिचार्ज पर खर्च करते हैं। छह महीने में यह रकम करीब 1,200 रुपये बैठती है। ऐसे में 1,499 रुपये में फोन और छह महीने का रिचार्ज दोनों मिलने से 2जी से 4जी पर शिफ्ट होने का अतिरिक्त खर्च दरअसल मात्र 299 रुपये रह जाता है। हालांकि ग्राहक को फोन खरीदते वक्त पूरे 1,499 रुपये की कीमत चुकानी होगी। 2जी से 4जी पर आने के साथ ग्राहक को अल्ट्रा फास्ट इंटरनेट तो मिलेगा ही, साथ ही जियोभारत में जियोटीवी के 500 से ज्यादा टीवी चैनल, जियोहॉटस्टार पर क्रिकेट, फिल्में और मनोरंजन, म्यूजिक और जियोपे के जरिए यूपीआई (यूपीआई) पेमेंट जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी।

हर महीने 14जीबी डेटा और अनलिमिटेड एचडी कॉलिंग भी मिलेगी

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शेयर बाजार में गिरावट का दौर थमा, सेंसेक्स 473 अंक चढ़ा

मुंबई (एजेंसी)। स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिका में रोजगार के आंकड़े उम्मीद से कमजोर रहने से अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा आक्रामक मौद्रिक रुख अपनाए जाने की आशंका कम हुई है, जिससे उभरते बाजारों में जोखिम लेने की धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स 472.77 अंक चढ़कर 72,382.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 722.23 अंक तक बढ़कर 72,631.93 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 133.80 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,555.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से आईटीसी, इटर्नल, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर लाभ में रहे। वहीं, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक,सन फार्मा, इन्फोसिस और एशियन पेंट्स के शेयर नीचे आए। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.52 प्रतिशत चढ़ा।

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय
प्रवेश सूचना (विज्ञा. सं. पीआर-10 ऑफ 2026)
विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु विश्वविद्यालय अध्यापन विभागों और सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा पेश किए जा रहे पीएच.डी. प्रोग्राम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।
प्रवेश का कार्यक्रम, सीटों की संख्या, मेरिट लिस्ट की तैयारी, शुल्क संरचना, प्रवेश प्रक्रिया इत्यादि निहित विवरणिका विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात www.mdu.ac.in पर उपलब्ध हैं।
अद्यतन/परिवर्तन, यदि कोई हो, विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे।
संवाद-1235/11/184/2027/49929/सी/88/6 दि. 05.10.26 रजिस्ट्रार

राजकीय महाविद्यालय जसिया (रोहतक)
गांव व डा. जसिया, जिला रोहतक (हरियाणा), पिन-124303
ई-मेल आईडी - gclassial@gmail.com, मो. नं. : 9812273758
निविदा आमंत्रण हेतु सूचना
राजकीय महाविद्यालय जसिया (रोहतक) में परिसरों की सफाई और हाउसकीपिंग सेवाओं इत्यादि के लिए समकक्ष सेवाओं में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव रखने वाले हरियाणा राज्य में इच्छुक एवं पात्र पंजीकृत सहकारी श्रम एवं निर्माण समितियों से निर्धारित प्रपत्रों में निविदाएं एतद द्वारा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदक/सेवा एजेंसियां प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, जसिया (रोहतक) के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को पूर्वा. 9.00 बजे से अप. 4.00 बजे तक अन्तिम तिथि से पूर्व रु. 500/- का भुगतान करके (प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, जसिया (रोहतक) के पक्ष में देय किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट / बैंक चेक के माध्यम से भुगतानयोग्य) निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। सभी नियम व शर्तें प्रपत्र के साथ संलग्न हैं।
सभी नियम व शर्तें महाविद्यालय वेबसाइट http://gcjassia.ac.in पर देखें।

निविदाएं जमा करवाई जानी चाहिएं	24.10.2026 अप. 04.00 बजे तक
निविदा के खुलने का समय	27.10.2026 अप. 02.00 बजे

हस्ता/- प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,
पीआरडीएच-1031/11/475/2027/49911/88/6 दि. 05.10.26 जसिया (रोहतक)

राशिफल

मेष शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

सिंह शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कन्या क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास करें।

तुला पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृश्चिक घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

धनु पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

मकर परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

कुंभ परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

मीन वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

कमजोर मांग के बीच दिल्ली में सोना-चांदी की कीमतें स्थिर


नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ, क्योंकि घरेलू मांग कम होने से सर्राफा की कीमतें एक सीमित दायरे में बनी रहीं। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सभी कर मिलाकर 1,49,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही, जबकि चांदी की कीमत 2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर बनी रही। व्यापारियों ने कहा कि घरेलू कीमतें एक सीमित दायरे में रहीं, आभूषण एवं खुदरा विक्रेताओं की कमजोर मांग के कारण कीमती धातुओं की कीमतों में कोई खास हलचल नहीं दिखी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ''विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख को देखते हुए घरेलू बाजार में सोने की कीमतें स्थिर रहीं।'' उन्होंने कहा कि हालांकि, डॉलर के मजबूत होने से कीमती धातुओं की कीमतों में बढ़ोतरी सीमित रही।

उत्तर रेलवे
ई–टेंडरिंग
उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/अंबाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के नाम पर, इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं कार्य के सामने दर्शाई गई निविदा बंद होने की तिथि को 11:30 बजे तक स्वीकार की जाएंगी तथा इसके पश्चात खोली जाएंगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	कार्य समाप्ति समय	निविदा खुलने की तिथि	टेंडर वेलिडिटी
1	फिरोजपुर मंडल में TVU >20000 और <50000 वाले 27 गैर इंटरलॉक्ड LC गेटों के इंटरलॉकिंग हेतु S&T कार्य। LC गेटों की सूची :–JRC-HSX सेक्शन – 6 LC गेट (C-2, C-11, C-25, C-34, C-41, C-49), JUC-FZR-11 LC गेट (C-6, C-19, C-20, C-24, C-57, C-80, C-88, C-90, C-98, C-118, C-129), PHR-LNX-4 LC गेट (C-7, C-13, C-20, C-22), FZP-FKA-3 LC गेट (C-13, C-54, C-58), BTI-FZR सैक्शन–1 LC गेट (C-33), KKP-FKA-1LC गेट (B2-32), FZR-FZP-1 LC गेट (C–59)	119506606.13/-	2390100.00/-	12 माह	टेंडर www.ireps.gov.in वेबसाइट पर दिनांक 06.10.26 से 30.10.26 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेगा तथा दिनांक 30.10.26 को 11:30 बजे के बाद खोला जाएगा।	90 दिन

नोटः 1. इच्छुक ठेकेदारों को शर्तों के अनुसार योग्यता डॉक्यूमेंट, PAN/TIN/GST इत्यादि की स्कैनिंग कॉपी ही IREPS वेबसाइट में अपलोड करनी होगी। 2.धरोहर राशि की ऑन लाइन पेमेंटनेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा स्वीकार्य होंगे।
3. इच्छुक ठेकेदार कोई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–3) डिजिटल सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा।
4. विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें।
खुली निविदा संख्या–02–एसएंडटी–परियोजना–अंबाला–2026–27 दिनांक 05.10.2026 3435/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शब्द पहेली - 6369



बाएँ से दाए
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

ऊपर से नीचे
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

शब्द पहेली - 6368 का हल

	बि	रा	द	री		ज	य	मा	ला	
बि	ल		श		का	य	म		श	व
रा		म	ह	क	ना		ज	रा		र्त
द

खबर संक्षेप

रकुल प्रीत बोलीं- कोई विदेशी लेन-देन नहीं

मुंबई। अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने खुद को आर्म्ड फोर्सेज़ के फैमिली में पली बढ़ी सेल्फ-मेड आर्टिस्ट



बताते हुए कहा कि वह हमेशा से कानून का पालन करती आई हैं और 20 साल की उम्र से टैक्स भरती आ रही हैं। उनका किसी भी तरह के विदेशी लेन-देन से लेना-देना नहीं है। कुछ लोग बगैर जांच पड़ताल किए मामले को बेवजह बड़ा बना रहे हैं।

चंद्रशेखर आजाद रेप केस में सौंपनी होगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मुखिया और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद पर लगाए गए रेप के आरोप को लेकर



राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए अगली तारीख तक जांच पूरी करने को कहा है। अगली तारीख 23 अक्टूबर की निश्चित कर दी है।

सीईसी के खिलाफ याचिकाओं पर एससी के नोटिस से गरमाई देश की सियासत

देश में डर और तानाशाही का कोई माहौल नहीं

भाजपा बोली- लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ रहा देश कांग्रेस का आरोप- संविधान से विश्वासघात किया गया

भाजपा ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग और केंद्र को नोटिस जारी करने का फैसला यह दिखाता है कि देश की सभी संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं और यहां डर और तानाशाही का कोई माहौल नहीं है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने सोमवार को कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग और केंद्र को नोटिस जारी करने का फैसला यह दिखाता है कि देश की सभी संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं और यहां डर और तानाशाही का कोई माहौल नहीं है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि देश बहुत लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ रहा है। हर कोई खुलकर अपनी बात कर रहा है। सभी प्रक्रियाओं और प्रणालियों का पालन किया जा रहा है। लोकतंत्र का इससे बेहतर मॉडल और कहां हो सकता है। मुझे लगता है कि भारत लोकतंत्र का जश्न मना रहा है। संबित पात्रा की यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनाव आयोग और केंद्र से एक हफ्ते के भीतर जवाब मांगने के बाद आई है।

भारत लोकतंत्र का जश्न मना रहा

लोकतंत्र का इससे बेहतर मॉडल नहीं



संबित पात्रा



जयराम रमेश

पीएम मोदी और शाह के इशारे पर दिया धोखाः जयराम रमेश

कांग्रेस ने सीईसी पर पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर संविधान से विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पास निर्वाचन आयोग में जनता का भरोसा बहाल करने का महत्वपूर्ण अवसर है। अदालत ने निर्वाचन आयोग के उस तरीके को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आयोग ने दो निर्वाचन आयुक्तों की मंजूरी के बिना फैसले लिए। जयराम रमेश ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर हालिया खुलासों, सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा और पूर्व न्यायाधीशों की आलोचना तथा उचित प्रक्रिया के बिना बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने के आरोपों के बीच अदालत के पास संस्था में लोगों का भरोसा बहाल करने का अवसर है।

एसआईआर प्रक्रिया दशकों पुरानी परंपराः सीएम फडणवीस



महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि एसआईआर कोई नई बात नहीं है। बल्कि, ये एक जरूरी प्रक्रिया है, जिसे चुनाव आयोग दशकों से समय-समय पर अपनाता रहा है। भारत की चुनावी व्यवस्था में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया कई दशकों से चली आ रही है। मतदाता सूचियां सटीक और विश्वसनीय बनी रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने विभिन्न चरणों में इन सूचियों का गहन संशोधन किया है। 1952 से 1956, उसके बाद 1957, 1961, 1965 और 1966 में भी पुनरीक्षण किया गया। आगे 1983-84, 1987-89, 1992, 1993 और 1995 में भी वोटर लिस्ट में बदलाव किए गए। चुनाव आयोग ने 2002, 2003 और 2004 में फिर से पुनरीक्षण किया।



30 सितंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक फाइल फोटो

19 विपक्षी दल आज दिल्ली में चुनाव आयोग को घेरेंगे

एसआईआर को लेकर जारी विरोध के बीच 19 विपक्षी दल 6 अक्टूबर को दिल्ली में चुनाव आयोग घेरेंगे। इंडिया ब्लॉक के विपक्षी सांसद दिल्ली में 'सेव डेमोक्रेसी मार्च' निकालेंगे। वे संसद से चुनाव आयोग (ईसीआई) मुख्यालय तक करीब 3 किमी पैदल जाएंगे। इससे पहले 11 अगस्त 2025 को इंडिया गठबंधन के सांसदों ने संसद भवन से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला था।

इंडिया ब्लॉक के पास लोकसभा में 178 सांसद

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के दल चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और संस्थागत जवाबदेही के मुद्दे पर एकजुट रहेंगे। लोकतंत्र में अंतिम अधिकार जनता का होना चाहिए। इंडिया ब्लॉक की 19 पार्टियां जो मार्च निकालेंगी। उनके पास लोकसभा में 178 और राज्यसभा में 62 सांसद हैं।

विचाराधीन मामले पर बयान मर्यादा के खिलाफः पूर्व सीजेआई गवई

- न्यायमूर्ति भुइयां की मताधिकार संबंधी टिप्पणी को लेकर साधा निशाना
- जस्टिस भुइयां ने कहा था- वोटिंग से रोकने वाली प्रक्रिया मनमानी

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



पूर्व प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और अन्य सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां के मताधिकार से वंचित किए जाने संबंधी बयान की सोमवार को आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी, क्योंकि यह मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। न्यायमूर्ति भुइयां ने रविवार को 'नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ' में '19वीं न्यायमूर्ति बी.आर. साहनी मेमोरियल मूट कोर्ट प्रतियोगिता' के समापन समारोह में कहा था कि लाखों भारतीय नागरिकों को उनके मताधिकार से 'वंचित' करने वाली कोई भी प्रक्रिया ''मूल रूप से मनमानी'' और संवैधानिक व्यवस्था के 'खिलाफ' है। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान नागरिकों के दो वर्ग की व्यवस्था नहीं करता है एक जिन्हें वोट देने का अधिकार हो और दूसरे जिन्हें न हो और किसी भी तरह का किंतु-परंतु इस तरह की प्रक्रिया को सही नहीं ठहरा सकता।

आदिग्राम परियोजना से जनजातीय क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तीकरण को नई दिशा




- 17 हजार से अधिक परिवारों को मिला तकनीक और योजनाओं का लाभ

पंतनगर। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के डॉ. रतन सिंह सभागार में सोमवार को 'आदिग्रामः लाभार्थी संवाद एवं सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आचार्य बालकृष्ण ने की। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) शिवेंद्र कुमार कश्यप रहे। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की 300 लाभार्थी महिलाओं के साथ-साथ 42ग्राम प्रधानों एवं पतंजलि की 20 से अधिक योग शिक्षिकाओं को सम्मानित कर उनकी सराहनीय भूमिका को रेखांकित किया गया। विदित हो कि जनजातीय कार्य मंत्रालय (भारत सरकार) एवं जनजाति कल्याण निदेशालय (उत्तराखंड) के सहयोग से दिव्य योग मंदिर न्यास द्वारा संचालित 'टक्नो इनेबल आदिग्राम' परियोजना के अंतर्गत उत्तराखंड के 64 जनजाति बहुल ग्रामों का चयन किया गया था, जिनमें ऊधम सिंह नगर के 42 ग्राम भी सम्मिलित थे।

प्राच्य विद्या सम्मेलन 10 को

संस्कृत और संस्कृति का विराट संगम होगा पतंजलि विवि में : स्वामी रामदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार




पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित होने जा रहे 52वें अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सम्मेलन में भारतीय ज्ञान-परंपरा, संस्कृत, संस्कृति और प्राच्य विद्याओं के संरक्षण, संवर्धन एवं वैश्विक प्रसार पर व्यापक विमर्श होगा। विद्यार्थियों और शोधार्थियों में बढ़ते उत्साह को देखते हुए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अक्टूबर कर दी गई है। अब तक करीब एक हजार विद्यार्थियों का पंजीकरण हो चुका है। पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने कहा कि भारत के संस्कार, सभ्यता, योग विद्या, अध्यात्म, संस्कृति, शास्त्र परंपरा और सनातन विरासत जिस संस्कृत भाषा में सुरक्षित है, उस संस्कृत और संस्कृति का विराट संगम पतंजलि विश्वविद्यालय में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन केवल विद्वानों के विचार-विमर्श का मंच नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान-संपदा के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक पक्षों को सामने लाने और नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपरा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। स्वामी रामदेव ने बताया कि सम्मेलन में भारत के साथ विभिन्न देशों से प्राच्य विद्या के विद्वान, शिक्षाविद, शोधकर्ता और विशेषज्ञ शामिल होंगे। स्वामी रामदेव ने कहा कि पतंजलि का मूल संकल्प "विरासत और विज्ञान, शोध और बोध, दृष्टि और दक्षता" के समन्वय से भारतीय ज्ञान-परंपरा को आधुनिक संदर्भों में स्थापित करना है। प्राचीन विद्याओं में निहित ज्ञान केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों के समाधान में भी उपयोगी हो सकता है।

हरियाणा सरकार
चिरायु हरियाणा
"आज 60 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 5 लाख रुपये के वार्षिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल रहा है, जिससे यह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना बन गई है। स्वास्थ्य सेवाएं आज हर घर तक पहुंच रही हैं।"
- नरेन्द्र मोदी
हरियाणा सरकार की बड़ी पहल
चिरायु आयुष्मान भारत योजना का विस्तार
अब ₹1.8 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले परिवार भी नाममात्र प्रीमियम देकर उठा सकेंगे योजना का लाभ
पात्रता परिवार पहचान-पत्र (पी.पी.पी. आई-डी) में दर्ज सत्यापित वार्षिक आय के आधार पर तय होगी
प्रति परिवार, प्रति वर्ष ₹5 लाख तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा (सूचीबद्ध अस्पतालों में)
आय स्लैब के अनुसार प्रीमियम दरें -
₹1.80 लाख से ₹3.00 लाख वार्षिक आय ..... ₹1,500 प्रति वर्ष
₹3.00 लाख से ₹6.00 लाख वार्षिक आय ..... ₹4,000 प्रति वर्ष
₹6.00 लाख से अधिक वार्षिक आय ..... ₹5,000 प्रति वर्ष
पंजीकरण एवं भुगतान गेटवे पोर्टल
15 सितम्बर से 30 नवम्बर, 2026 तक खुला
आयुष्मान भारत हरियाणा स्वास्थ्य सुरक्षा प्राधिकरण (AB-HHPA) ने हरियाणा भर के 1,307 सूचीबद्ध अस्पतालों में आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) और चिरायु योजना के तहत 40,27,391 लाभार्थियों के इलाज की सुविधा दी है। अब तक ₹4,617.45 करोड़ के क्लेम का निपटारा किया जा चुका है और 1.42 करोड़ PM-JAY/चिरायु कार्ड जारी किए गए हैं।
नई पॉलिसी अवधि
1 नवम्बर, 2026 से 31 अक्तूबर, 2027 तक
अब तक ₹1.8 - ₹3 लाख आय वर्ग में
47,547 परिवारों को मिल चुका है योजना का लाभ
HOSPITAL
हरियाणा सरकार का संकल्प - हर परिवार को गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती स्वास्थ्य सेवाएं
अधिक जानकारी हेतु विजिट करें: https://chirayuayushmanharyana.in/
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

चिंतन

अपराध में डर दिखना चाहिए



डिजिटल
ओमकार चौधरी

कानून का उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद सजा देना नहीं, बल्कि अपराधी के मन में कानून का डर पैदा करना भी है। खासकर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों में यह डर जितना मजबूत होगा, अपराधियों के हौसले उतने ही कमजोर होंगे। दिल्ली-एनसीआर में 48 दिनों के भीतर नाबालिगों से गैंगरेप की तीन घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी इसी कठोर वास्तविकता की ओर ध्यान खींचती है कि जब तक अपराधी के मन में मौत का डर नहीं होगा, तब तक ऐसे अपराध नहीं रुकेंगे। यह टिप्पणी किसी प्रतिशोध की भावना नहीं, बल्कि कानून के प्रभावी और दृश्यमान होने की जरूरत को रेखांकित करती है। 4 अगस्त को ग्रेटर नोएडा से दिल्ली जा रही बस में 16 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप हुआ। बस करीब 47 किलोमीटर चलती रही और कश्मीरी गेट पर पीड़िता को उतारा गया। बस की खिड़कियों पर पर्दे लगे थे, यानी अपराधियों को यह भरोसा था कि उन्हें कोई देख नहीं रहा। 12 सितंबर को स्वरूप नगर में 16 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई। उसका शव अगले दिन खेत के पास मिला। इस मामले में चार आरोपी गिरफ्तार हुए, जिनमें तीन नाबालिग हैं। 21 सितंबर को आस्था कुंज पार्क में 17 वर्षीय छात्रा से तीन युवकों ने फर्जी पुलिसकर्मी बनकर दुष्कर्म किया। तीनों आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। तीनों घटनाएं अलग-अलग हैं, लेकिन इनके पीछे सवाल एक है। क्या अपराधियों को व्यवस्था का पर्याप्त भय था? सुप्रीम कोर्ट ने इसी बिंदु पर पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी तय करने की जरूरत बताई है। अदालत ने साफ कहा कि केवल कागजों पर योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है। जरूरत पड़ने पर पुलिस को सख्त कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकना चाहिए। आस्था कुंज पार्क मामले में यह तथ्य और गंभीर है कि एलएसआर कॉलेज की छात्राओं की ओर से पहले यौन उत्पीड़न की शिकायतें किए जाने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में जरूरी सुधार नहीं हुए। एनसीआरबी के 2024 के आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में पोक्सो के 1,553 मामले दर्ज हुए हैं। यानी औसतन हर दिन चार से ज्यादा मामले। 2025 की रिपोर्ट अभी सामने नहीं आई है। ये केवल दर्ज मामले हैं; इसलिए इन्हें समस्या की पूरी तस्वीर मान लेना भी उचित नहीं होगा। बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों में सामाजिक दबाव, डर और बदनामी के कारण अनेक मामले सामने ही नहीं आ पाते। यहां 'मौत का डर' वाली सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को भी सही संदर्भ में समझना होगा। इसका अर्थ कानून से बाहर जाकर हिंसा या त्वरित न्याय नहीं है। लोकतंत्र में आरोपी को भी संविधान और कानून के तहत निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार है। लेकिन जांच तेज हो, गिरफ्तारी प्रभावी हो, अभियोजन मजबूत हो और दोष सिद्ध होने पर ऐसी सजा मिले जो दूसरे संभावित अपराधियों के लिए स्पष्ट चेतावनी बने। यही कानून के डर का वास्तविक अर्थ है। आखिरकार, कानून का डर तभी पैदा होगा जब कानून जमीन पर दिखाई देगा। अपराधी को यह संदेश साफ मिलना चाहिए कि अपराध छिपाया नहीं जा सकता, जांच टाली नहीं जा सकती और सजा से बचना आसान नहीं है। मानवाधिकार अपराधी को कानून से ऊपर नहीं रखते और कठोर कानून व्यवस्था नागरिक अधिकारों को खत्म नहीं करती। लोकतंत्र की असली कसौटी यही है कि निर्दोष सुरक्षित रहें और अपराधी को कानून का डर रहे।

जंतर-मंतर पर सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं के हालिया हंगामे ने एक बड़े सवाल को फिर सामने ला दिया है—क्या कंटेंट क्रिएटर होने के नाम पर कानून और मर्यादा की सीमाएं भी खत्म हो जाती हैं? लोकतंत्र में सवाल पूछना, विरोध दर्ज कराना और व्यवस्था की जवाबदेही तय करना नागरिक अधिकार हैं, लेकिन सरकारी काम में बाधा डालना, पुलिस से अभद्रता करना या भीड़ के बीच अराजकता पैदा करना किसी अधिकार का हिस्सा नहीं हो सकता। सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को अपनी बात लाखों लोगों तक पहुंचाने की ताकत दी है। ऐसे में डिजिटल आजादी के साथ जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करना भी जरूरी है।

चुनौती बन रहा सोशल मीडिया

पिछले कुछ दिनों से हम और आप जंतर-मंतर पर सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं का अलग ही रूप और हंगामा देख रहे हैं। इन्हें कई तरह से परिभाषित किया जा रहा है। कुछ का कथन है कि यह सब सीजेपी के ही समर्थक हैं और रिपोर्टिंग के नाम पर पुलिस के साथ अभद्रता करके अराजक माहौल बनाने की चेष्टा कर रहे हैं, कुछ का कहना है कि यदि ये कंटेंट क्रिएटर भी हैं तो उनका पुलिस के साथ बदजुबानी करने, उसके साथ भिड़ने या उनके सरकारी काम-काज में बाधा उत्पन्न करने का कोई अधिकार नहीं है। किसी आंदोलन स्थल पर यदि हजारों की संख्या में वीडियोग्राफी शुरू कर दी जाए। माइक हाथ में लेकर पुलिस-प्रशासन से तीखे सवाल पूछने का क्रम शुरू कर दिया जाए तो फिर उनके असली मक़सद को लेकर सवाल तो खड़े होंगे ही। हमने इस पैदा हुई ताजा समस्या की पड़ताल करने की कोशिश की है।

भारत में सोशल मीडिया अब केवल मनोरंजन, दोस्तों से संपर्क या तस्वीरें साझा करने का माध्यम नहीं रह गया है। यू ट्यूब, इंस्टाग्राम, फ़ेसबुक और एक्स (ट्विटर) सहित दूसरे डिजिटल मंचों ने सूचना, समाचार, राजनीति, कारोबार और जनमत निर्माण की पूरी व्यवस्था को बदल दिया है। एक मोबाइल फोन और इंटरनेट कनेक्शन रखने वाला व्यक्ति आज अपना चैनल शुरू कर सकता है, लाखों लोगों तक पहुंच सकता है और कुछ मामलों में परंपरागत मीडिया संस्थानों से भी बड़ी दर्शक संख्या हासिल कर सकता है।

इस 'क्रांति' का दूसरा पहलू भी है। जब करोड़ों लोग सामग्री तैयार और प्रसारित कर रहे हों, तब फर्जी सूचनाओं, आपत्तिजनक वीडियो, अश्लीलता, बच्चों के शोषण से जुड़ी सामग्री, नफरत फैलाने वाले संदेश और कानून का उल्लंघन करने वाली सामग्री को नियंत्रित करना बड़ी चुनौती बन जाता है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार, अदालतों, बाल अधिकार संस्थाओं और संसद की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति का ध्यान इसी चुनौती पर तेजी से बढ़ा है। भारत दुनिया के सबसे बड़े यूट्यूब बाजारों में है। जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में पिछले एक वर्ष में 10 करोड़ से अधिक चैनलों ने कम-से-कम एक वीडियो अपलोड किया। भारत में 15 हजार से अधिक यूट्यूब चैनल 10 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर का स्तर पार कर चुके हैं। दिसंबर 2023 तक एक लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर वाले भारतीय चैनलों की संख्या 1.10 लाख से अधिक बताई गई थी। पुराने आक्सफोर्ड इकोनोमिक्स आकलन में सात लाख से अधिक भारतीय क्रिएटर्स और पार्टनर्स को यूट्यूब से आय अर्जित करने वाले व्यापक तंत्र का हिस्सा बताया गया था। भारत की विशेषता इसकी भाषाई विविधता भी है। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा तमिल, तेलुगु, मराठी, बंगाली, पंजाबी, मलयालम, कन्नड़, गुजराती और दूसरी भाषाओं में बड़े पैमाने पर सामग्री बन रही है। उपलब्ध अनुमानों के अनुसार भारत में सोशल मीडिया इस्तेमाल करने वालों की संख्या करीब 50 करोड़ के स्तर तक पहुंच चुकी है। अलग-अलग संस्थाओं के आंकड़ों में अंतर इसलिए मिलता है, क्योंकि कहीं सक्रिय उपयोगकर्ता गिने जाते हैं, कहीं पंजीकृत खाते और कहीं विज्ञापन के जरिए पहुंच सकने वाली संभावित दर्शक संख्या। इंस्टाग्राम की भारत



में विज्ञापन पहुंच लगभग 50 से 51 करोड़ खातों के स्तर पर आंकी गई है। यूट्यूब की भारतीय दर्शक संख्या भी लगभग 50 करोड़ के आसपास है। फ़ेसबुक की पहुंच करीब 40 करोड़ और स्नैपचैट की करीब 21 से 22 करोड़ के स्तर पर मानी जाती है। LinkedIn के भारत में करीब 19 करोड़ पंजीकृत सदस्यों का अनुमान है। इन आंकड़ों को जोड़कर यह निष्कर्ष निकालना गलत होगा कि भारत में डेढ़-दो अरब सोशल मीडिया उपयोगकर्ता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे अधिक सोशल मीडिया फॉलोइंग वाले राजनीतिक नेताओं में शामिल हैं। हमारी पड़ताल के समय उनके इंस्टाग्राम फालोअर्स करीब 10.7 करोड़ और एक्स पर करीब 10.9 करोड़ के स्तर पर थे। यूट्यूब पर उनके लगभग 3.1 करोड़ सब्सक्राइब थे। राहुल गांधी के इंस्टाग्राम पर करीब 1.57 करोड़, यूट्यूब पर लगभग 1.1 करोड़ और उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार एक्स पर लगभग 2.85 करोड़ फालोअर्स थे। अरविंद केजरीवाल के इंस्टाग्राम पर करीब 40 लाख और X पर करीब 2.65 करोडड फालोअर्स का स्तर था। ये संख्याएं लगातार बदलती रहती हैं, लेकिन इनका राजनीतिक महत्व स्पष्ट है। राजनीतिक नेता अब अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए केवल अखबारों और टेलीविजन चैनलों पर निर्भर नहीं हैं। उनके पास करोड़ों लोगों से सीधे संवाद करने की अपनी डिजिटल व्यवस्था है। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद और फरीदाबाद मिलकर देश के प्रमुख कंटेंट क्रिएटर केंद्रों में बदल चुके हैं। दिल्ली-एनसीआर में यूट्यूबर्स और इन्फ्लुअंसर्स की कोई आधिकारिक सरकारी जनगणना उपलब्ध नहीं है। उद्योग आधारित अनुमानों में 10 हजार या उससे अधिक फालोअर्स वाले क्रिएटर्स और इन्फ्लुअंसर्स की संख्या करीब 70 हजार के स्तर पर होने का अनुमान सामने आता है। इसे आधिकारिक संख्या नहीं माना जाना चाहिए। छोटे और नेनो क्रिएटर्स को शामिल किया जाए तो वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। यहीं से सबसे कठिन सवाल शुरू होता है। अगर लाखों लोग बिना किसी संपादकीय संस्था के सीधे करोड़ों दर्शकों तक सामग्री पहुंचा सकते हैं तो गैरकानूनी सामग्री की जिम्मेदारी किसकी होगी? भारत में इन्फ्लुअंसर्स के लिए कोई अलग एक्ट नहीं है। ऑनलाइन सामग्री मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000, सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 तथा अपराध की प्रकृति के अनुसार भारतीय न्याय संहिता और दूसरे संबंधित कानूनों के दायरे में आती है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत निर्धारित परिस्थितियों में सरकार ऑनलाइन सामग्री को ब्लाक करने के निर्देश दे सकती है। अश्लील सामग्री के लिए धारा 67, सैक्सुअल सामग्री के लिए 67ए और बच्चों से संबंधित यौन सामग्री के लिए धारा 67बी महत्वपूर्ण है। हाल के वर्षों में सरकार की कार्रवाई का दायरा भी बढ़ा है। 2024 में जनवरी से अक्टूबर के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 9,845 यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश दिए जाने का आंकड़ा सामने आया था। मार्च 2024 में अश्लील सामग्री के मामले में 18 ओटीटी प्लाटफार्मस, 19 वेबसाइट, 10 एप्लीकेशन और 57 सोशल मीडिया हैंडल्सके खिलाफ ब्लाकिंग कार्रवाई की गई। आपरेशन सिंदूर के दौरान 2025 में 1,400 से अधिक डिजिटल यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश दिए गए थे। अब सवाल सोशल मीडिया को नियंत्रित करने या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने भर का नहीं है। असली चुनौती संतुलन की है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी सुरक्षित रहे और बच्चों का शोषण, अश्लीलता, हिंसा, फर्जी सूचना तथा दूसरी गैरकानूनी सामग्री भी बेलगाम न हो।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विदेश नीति
महेन्द्र तिवारी




रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की सक्रिय शांति पहल

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में कूटनीति के मायने तेजी से बदल रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे लंबे संघर्ष ने पूरी दुनिया को एक अभूतपूर्व संकट में डाल दिया है। इस युद्ध की शुरुआत में भारत ने एक तटस्थ दृष्टिकोण अपनाया था और सभी पक्षों से बातचीत के माध्यम से शांति स्थापित करने की अपील की थी, लेकिन जैसे-जैसे यह युद्ध खिंचता गया भारत की कूटनीतिक रणनीति में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। आज भारत केवल युद्धविराम की औपचारिक अपील तक सीमित नहीं है, बल्कि वह इस संघर्ष से उपजी ठोस और व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए एक सक्रिय मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। यह बदलाव विश्व पटल पर भारत की उस छवि को मजबूत कर रहा है जो उसे एक जिम्मेदार और प्रभावी वैश्विक शांति निर्माता के रूप में स्थापित करती है। वर्ष 1947 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने अंतरराष्ट्रीय विवादों से खुद को दूर रखने की नीति का पालन किया था ताकि वह अपने आंतरिक विकास पर ध्यान दे सके, लेकिन 21वीं सदी का भारत एक अत्यंत शक्तिशाली और आत्मविश्वास से भरा राष्ट्र है। आज की बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में कोई भी बड़ी घटना भारत को अछूता नहीं छोड़ सकती है। इसलिए भारत ने अपनी पुरानी संकोचशील नीति को त्याग कर एक सक्रिय और मुखर विदेश नीति अपनाई है। रूस और यूक्रेन के संदर्भ में यह मुखरता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विश्व अब यह मान चुका है कि भारत केवल मूक दर्शक बनकर नहीं बैठ सकता है। किसी भी युद्ध में केवल हथियार डाल देने की अपील करना सबसे आसान काम होता है, लेकिन जमीन पर मौजूद जटिलताओं को सुलझाना असली कूटनीति है। भारत ने यह गहराई से समझ लिया है कि रातों रात कोई स्थायी शांति समझौता नहीं हो सकता है। इसलिए उसने अपना ध्यान उन मुद्दों पर केंद्रित किया है जिनका सीधा असर पूरी मानवता और विशेषकर गरीब देशों पर पड़ रहा है। इस युद्ध ने दुनिया भर में खाद्यान्न संकट और ऊर्जा की कमी को जन्म दिया है। ऐसे में भारत ने अपनी कूटनीतिक ऊर्जा को उन क्षेत्रों में लगाया है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को पतन से बचा सकते हैं। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से यह बात रखी है कि यूरोप की समस्या को पूरी दुनिया की समस्या नहीं माना जाना चाहिए, लेकिन इस युद्ध के आर्थिक परिणामों से कोई भी देश अछूता नहीं रह सकता है। विकासशील देशों की आवाज बनकर भारत ने खुद को एक स्वाभाविक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित किया है। जब भारत काला सागर की सुरक्षा या उर्वरकों की आपूर्ति की बात करता है तो वह केवल अपने लिए नहीं बल्कि उन तमाम देशों के लिए बोल रहा होता है जिनकी आवाज वैश्विक मंचों पर अक्सर अनसुनी कर दी जाती है। हाल के महीनों में भारतीय नेतृत्व द्वारा किए गए उच्च स्तरीय संवाद इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि भारत शांति की प्रक्रिया में कितना गहराई से निवेश कर रहा है। दोनों देशों के उच्च नेतृत्व के साथ सीधे संपर्क में रहकर भारत ने यह सुनिश्चित किया है कि संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न ना हो। जब युद्ध के मैदान में हथियार चल रहे होते हैं तब कूटनीतिक वार्ता के दरवाजे खुले रखना एक अत्यंत कठिन कार्य होता है। भारत ने अपनी कूटनीतिक कुशलता से इस दरवाजे को बंद नहीं होने दिया है। यह इस बात को भी दर्शाता है कि भारत की विदेश नीति कितनी स्वतंत्र और लचीली है। भारत की इस मध्यस्थता की सफलता का सबसे बड़ा कारण उसका दोनों पक्षों के बीच समान रूप से विश्वसनीय होना है। वर्तमान में बहुत कम देश ऐसे हैं जो रूस और यूक्रेन दोनों के साथ बिना किसी पूर्वाग्रह के बातचीत कर सकते हैं। रूस के साथ भारत के ऐतिहासिक और रणनीतिक संबंध बहुत गहरे हैं इसलिए रूसी नेतृत्व भारत की चिंताओं को बहुत गंभीरता से लेता है। अंततः यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे इस टकराव में भारत की भूमिका एक मूक दर्शक या केवल उपदेश देने वाले देश की बिल्कुल नहीं रह गई है। ठोस आर्थिक और मानवीय मुद्दों पर बातचीत करके, सुरक्षित व्यापारिक मार्ग सुनिश्चित करवाकर और परमाणु सुरक्षा जैसे अत्यंत गंभीर विषयों पर हस्तक्षेप करके भारत ने विश्व को यह दिखा दिया है कि वह सबसे जटिल भू राजनीतिक समस्याओं का भी व्यावहारिक समाधान देने की असीम क्षमता रखता है। यही वह अद्वितीय कूटनीतिक कौशल है जो आने वाले समय में वैश्विक व्यवस्था में भारत के कद को और अधिक ऊंचा करेगा और उसे सही मायनों में विश्व में शांति स्थापित करने वाले एक प्रमुख और जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में हमेशा के लिए मान्यता दिलाएगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


कौशल, ऊर्जा व सौभाग्य संग पुरुषार्थ जरूरी



संकलित
दर्शन

संसार में किसी भौतिक वस्तु या सुख प्राप्त करने के लिए पुरुषार्थ की आवश्यकता होती है। पुरुषार्थ प्राथमिक आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त वांछित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ऊर्जा, कौशल, दैव (प्रारब्ध या सौभाग्य) और तत्परता (इच्छाशक्ति) भी आवश्यक है। ये पांच तत्व अत्यंत अनिवार्य हैं। अतः पुरुषार्थ करें। यह विश्वास रखें कि सौभाग्य आपके साथ है और फिर कौशल अर्जित करें। अपनी ऊर्जा और कौशल को कैसे बढ़ाया जाए? जब आप ध्यान और मंत्रोच्चार के द्वारा अपने भीतर की सकारात्मकता को जाग्रत करते हैं, तो यह आपके कौशल, ऊर्जा और सौभाग्य में वृद्धि करता है। इन तीनों के होने के पश्चात भी, आपको पुरुषार्थ करना होगा और फिर यह फलीभूत होने में अपना नियत समय भी लेगा। हमें अपना ध्यान लक्ष्य पर केंद्रित रखते हुए निरंतर कर्म करते रहना होगा; प्रारंभिक समय में बार-बार मिलने वाली असफलता की परवाह किए बिना हमें सतत प्रयास करते रहना चाहिए। प्राचीन वेदों एवं शास्त्रों, वैदिक अनुष्ठानों में, आरंभ में संकल्प का विधान है। संकल्प लें-एक दृष्टि और एक लक्ष्य चुनें और फिर उसे समर्पित कर दें। समर्पण अर्थात उसे ईश्वर को अर्पित करना। यह कहना-"यह मेरी इच्छा है, किन्तु आप जो मेरे लिए श्रेष्ठ समझें। यदि यह या इससे भी उत्तम कुछ हो, तो मैं उसे स्वीकार करने को तत्पर हूं।"

सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गई। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

अंतर्मन



आज की पाती

पशुओं की आंखों से दुनिया को देखें

हर साल 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस मनाया गया। वर्ष 2026 की थीम थी 'उनकी आंखों से दुनिया को देखें।' यह थीम केवल एक भावुक अपील नहीं, बल्कि मनुष्य को अपने व्यवहार पर पुनर्विचार करने का अवसर देती है। आखिर जिस धरती को हम अपना घर कहते हैं, उस पर रहने का अधिकार केवल मनुष्य का तो नहीं है। विश्व पशु दिवस का इतिहास भी अपने आप में प्रेरणादायक है। जर्मनी में हेनरिक जिमर्मन ने 24 मार्च 1925 को बर्लिन में पहला विश्व पशु दिवस आयोजित किया था, जिसमें पांच हजार से अधिक लोग शामिल हुए थे। 1929 में 4 अक्टूबर को यह दिवस मनाया गया और 1931 में फ्लोरेंस में एक सम्मेलन में 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस के रूप में स्वीकार किया गया।

-प्रदीप नारायण, कलानौर

ट्रेंड

महारानी दुर्गावती को नमन



नारी शक्ति और स्वाभिमान की पर्याय, गोंडवाना साम्राज्य की महारानी दुर्गावती जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन। महारानी दुर्गावती जी ने न्यायप्रियता व जनसेवा की मिसाल कायम की।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

भ्रम फैला रहा विपक्ष



एसआईआर पर विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम उसके अपने नेताओं के बयानों से ही गलत साबित हो रहा है, जो कहते हैं कि एसआईआर जरूरी और सही दोनों है'। 'निष्पक्ष चुनाव की आधारशिला पारदर्शी मतदाता सूचियां हैं। -अर्जुन राम मेघवाल, कानून मंत्री

भड़काना चाह रहे मणिशंकर



यह वही मणिशंकर अय्यर हैं जो पाकिस्तान गए थे और कहा था कि अब हमें मोदी सरकार को गिराना है। वह फिर वहां जाना चाहते हैं और मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन को भड़काना चाहते हैं। एक और साक्षात्कार देना चाहते हैं। वह भारत में रैलियां करने या विरोध प्रदर्शन करके संतुष्ट नहीं हैं। -संबित पात्रा, भाजपा प्रवक्ता

'आप' दोगुनी बेशर्म



जिस पार्टी के राज्यसभा में छह-सात सांसद पार्टी छोड़कर चले गए, वह हमें दलबदल पर उपदेश दे रही है। 'आप' के लोग कितने कमाल के हैं। मुझे लगता था कि मोदी के नेतृत्व वाली पार्टी बेशर्म है, लेकिन 'आप' उससे भी दोगुनी बेशर्म निकली।' वह हमें उपदेश नहीं दे सकते।

-पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता

करंट अफेयर


अमेरिकी वायुसेना ने ब्रिटेन से बमवर्षक विमान वापस बुलाए



इंग्लैंड स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे आरएएफ फेयरफोर्ड को निशाना बनाकर कथित आतंकवादी हमले की साजिश की जांच के बीच अमेरिकी वायुसेना ने वहां तैनात अपने सभी बमवर्षक विमानों को वापस अमेरिका बुला लिया है। इन विमानों का इस्तेमाल ईरान पर हमले के लिए किया गया था। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन के एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर रविवार को बताया कि इन बमवर्षक विमानों को अमेरिका में उनके मूल ठिकानों पर वापस भेज दिया गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, जिनमें नए हमले करना भी शामिल है। ट्रंप ने शनिवार को ओहायो में एक रैली में शामिल होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस से रवाना होते समय कहा, 'ईरान को लेकर मुझे कुछ फैसले करने हैं। ईरान तबाह हो चुका है और अब प्रश्न यह है कि आगे कड़े कदम उठाने हैं या आसान।' पिछले सप्ताह मध्य लंदन में ब्रिटेन-ईरानी नागरिकता वाले एक व्यक्ति को आतंकवादी हमले की साजिश रचने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था।

ऑफ बीट

'ड्रीम जॉब' की दौड़ में कहीं जिंदगी पीछे न छूट जाए



किसी न किसी मोड़ पर हममें से ज्यादातर लोगों ने काम को लेकर यह सलाह जरूर सुनी होगी कि 'ऐसा काम चुनो जिसे करने में आपको खुशी मिले, फिर वह आपको जिंदगी में कभी बोझ या मजबूरी नहीं लगेगा और काम करना भी आपको काम जैसा महसूस नहीं होगा। 'ड्रीम जॉब' यानी ऐसी नौकरी का विचार, जिसे हम अपने सपनों के अनुरूप मानते हैं, सुनने में बेहद आकर्षक और प्रेरणादायक लगता है। इससे यह उम्मीद पैदा होती है कि नौकरी सिर्फ रोजी-रोटी का जरिया नहीं, बल्कि जीवन में उद्देश्य, अपनी पहचान और व्यक्तिगत संतुष्टि पाने का भी जरिया हो सकती है। लेकिन एक नौकरी से इन सभी उम्मीदों को जोड़ देना खासकर करियर की शुरुआत करने वाले युवाओं के लिए दबाव का कारण बन सकता है। हो सकता है समस्या यह न हो कि हम अपने काम में उद्देश्य तलाशने में नाकाम हो रहे हैं, बल्कि यह हो कि हमें शुरू से यह उम्मीद करना सिखाया गया है कि एक ही नौकरी हमें सब कुछ देगी—जीवन का उद्देश्य, पहचान, आर्थिक सुरक्षा और व्यक्तिगत संतुष्टि। अर्थपूर्ण काम निश्चित रूप से संतुष्ट जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। लेकिन हर हाल में एक 'ड्रीम जॉब' हासिल करने की कोशिश हमें थकान, आर्थिक दबाव और पहचान की अस्थिरता की ओर भी ले जा सकती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



चाइना ओपन : स्वियातेक ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह

रोमांचक मुकाबले में डोना वेकिक को हराया

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने सोमवार को चाइना ओपन के राउंड-ऑफ-32 में 30वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डोना वेकिक को हराया। उन्होंने एक सेट और दो ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। इगा स्वियातेक ने शानदार वापसी करते हुए राउंड-ऑफ-16 में जगह बनाई।

पोलैंड की स्टार खिलाड़ी पहला सेट 4-6 से हार गई थीं और दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थीं। ऐसा लग रहा था कि वह मैच हार जाएंगी, लेकिन उन्होंने जबरदस्त संघर्ष दिखाया। स्वियातेक ने दूसरे सेट का टाईब्रेकर 7-0 से जीता और फिर निर्णायक सेट में 6-2 से जीत हासिल कर मैच को 4-6, 7-6 (0), 6-2 से अपने नाम कर लिया।

जापान ओपन : दूसरी बार फाइनल में पहुंचे अल्काराज



टोकियो। वर्ल्ड नंबर 3 कार्लोस अल्काराज ने जापान ओपन के सेमीफाइनल में हमवतन खिलाड़ी जाउमे मुनार को 5-7, 6-3, 6-1 से मात दी। अल्काराज अपनी सर्विस गंवाने के कारण पहला सेट हार गए थे। उन्होंने कुछ 'ब्रेक' के साथ वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 से जीता और फिर फाइनल सेट में शानदार खेल दिखाते हुए 6-1 से जीत दर्ज की।



इस साल कोर्ट पर नजर नहीं आएंगी पोटापोवा

बीजिंग। दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा ने अपने 2026 सीजन को समय से पहले ही खत्म कर दिया है। उन्होंने चोटों से जूझने और करियर की सबसे अच्छी रैंकिंग हासिल करने के मिले-जुले साल के बाद ठीक होने पर ध्यान देने का फैसला किया है।

आज से भारत-वेस्टइंडीज पहला टी-20

प्लेइंग इलेवन में जगह पाने संजू और वैभव आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ मंगलवार को होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी, जिसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए सबसे बड़ी दुविधा संजू सैमसन और युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी में से किसी एक का चयन करने को लेकर होगी। एशियाई खेलों में वीवीएस लक्ष्मण कोच थे और उन्होंने सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को अंतिम एकादश में रखा था लेकिन अब गंभीर कोच है और ऐसे में रणनीतिक बदलाव होना तय है, भले ही दोनों कोच आठवें नंबर तक बल्लेबाजी रखने में विश्वास रखते हैं। लेकिन अगर गंभीर की रणनीति को करीबी नजर से देखें तो वह सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को एक साथ अंतिम एकादश में नहीं रखेंगे।

रेड्डी का बैकअप मौजूद

अभिषेक शर्मा सलामी बल्लेबाज के रूप पसंद बने हुए हैं। निशिन सिटी के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खराब पिचों पर लक्ष्मण ने इन तीनों बल्लेबाजों को टीम में रखा। सूर्यवंशी और विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने पारी की शुरुआत की, जबकि सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। यह फैसला पिच की स्थिति को ध्यान में रखते हुए लिया गया था। लेकिन लखनऊ के एकाना स्टेडियम की पिच पर गंभीर एक बार फिर सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में वापस लाने के बारे में सोच सकते हैं, क्योंकि निचले क्रम में ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी का बैकअप मौजूद है।





नंबर तीन पर सहज नहीं दिखे सैमसन

सैमसन नंबर तीन पर सहज नहीं दिखे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में दो अर्धशतक बनाए थे। मध्य क्रम में पहले से ही कप्तान श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, उप कप्तान तिलक वर्मा, ऑलराउंडर शिवम दुबे और रेड्डी के साथ-साथ अक्षर पटेल भी मौजूद हैं। ऐसे में सूर्यवंशी और सैमसन दोनों को अंतिम एकादश में रखने की संभावना बहुत कम है।

तेज गेंदबाजी आक्रमण सिरदर्द

कोच गंभीर के लिए एक और सिरदर्द तेज गेंदबाजी आक्रमण होगा, जिसमें अनुभवी अर्शदीप सिंह के साथ-साथ अपेक्षाकृत अनुभवहीन मयंक यादव (छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) और प्रिंस यादव (तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) शामिल हैं। स्पिन गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी अक्षर पटेल और कुलदीप यादव संभालेंगे। अगर गंभीर बल्लेबाजी को मजबूत करना चाहते हैं, तो नमन धीर को प्रिंस या मयंक की जगह लिया जा सकता है। यह भी देखना बाकी है कि अय्यर स्पिनर के रूप में अभिषेक का इस्तेमाल करते हैं नहीं। इस बाएं हाथ के स्पिनर ने एशियाई खेलों में कुछ विकेट लेकर अपने गेंदबाजी कौशल का प्रदर्शन किया था।

मैच का समय : शाम 7:00 बजे

खबर संक्षेप



बधिर प्रीमियर लीग: कोलकाता वॉरियर्स ने जीता खिताब

तिरुपति। कोलकाता वॉरियर्स ने चार दिनों तक चले रोमांचक क्रिकेट मुकाबलों के बाद फाइनल में बैंगलोर बादशाह को हराकर बधिर इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में देशभर की आठ टीमों ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप का आयोजन एक से चार अक्टूबर तक किया गया। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) के अध्यक्ष सुमित जैन ने चैंपियनशिप के सफल आयोजन में योगदान देने वाले खिलाड़ियों, अधिकारियों, साझेदारों और सभी संबंधित पक्षों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैंगलोर बादशाह के अमन चौकसे को लीग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अलावा इसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज भी चुना गया।

विश्व एथलेटिक्स में शामिल अहमदाबाद मैराथन



अहमदाबाद। अडाणी अहमदाबाद मैराथन को 29 नवंबर को होने वाले इसके 10वें संस्करण से पहले विश्व एथलेटिक्स वैश्विक कैलेंडर में शामिल कर लिया गया है और अब इस दौड़ में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को विश्व एथलेटिक्स रैंकिंग के लिए अंक मिलेंगे। अहमदाबाद मैराथन के लिए यह बड़ी उपलब्धि है, जिसकी शुरुआत कुछ हजार प्रतिभागियों के साथ हुई थी जबकि पिछले साल इसमें 24000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस मान्यता से अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय रोड-रेसिंग कैलेंडर में शामिल हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मैराथन का आयोजन करने से इस प्रतियोगिता को यह मान्यता मिली। यह मान्यता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अहमदाबाद 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा और वह 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दौड़ में भी शामिल है।

आज से ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ वनडे सीरीज

एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

युवा तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह, अरशद खान और यश ठाकुर के लिए ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही 3 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खुद को साबित करने का बड़ा मौका देगी क्योंकि ये गेंदबाज राष्ट्रीय टीम में तेज गेंदबाजी विभाग में मौजूदा संसाधनों की कमी के बीच अपनी दावेदारी पेश करना चाहेंगे। दिग्गज हरफनमौला हार्दिक पंड्या की वापसी को लेकर इस श्रृंखला की काफी उत्सुकता थी लेकिन दाहिनी पिंडली की चोट के कारण वह अनिश्चितकाल के लिए बाहर हो गए हैं।

तेज गेंदबाजी में विकल्प सीमित



तेज गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला खिलाड़ियों की बात करें तो भारतीय क्रिकेट में फिलहाल विकल्प सीमित हैं। पंड्या के अलावा नीतिश कुमार रेड्डी और सूर्यांश शेडगे प्रमुख विकल्पों में शामिल हैं। 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में अपना रिहैब (चोट से उबरना) पूरा करने वाले शेडगे को पांड्या की जगह भारत 'ए' टीम में शामिल किया गया है। नमन धीर के वेस्टइंडीज श्रृंखला के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से जुड़ने के बाद लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे अनुकूल रॉय को 'ए' टीम में शामिल किया गया है।

प्रसिद्ध के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी

प्रसिद्ध कृष्णा के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है, मोहम्मद सिराज फॉर्म से जूझ रहे हैं और हर्षित राणा लगातार चोटों से परेशान रहे हैं। ऐसे में गुरजपनीत, अरशद और यश की तेज गेंदबाजी तिकड़ी इस श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान आकर्षित करना चाहेगी। न्यूजीलैंड दौरे के वनडे चरण से पहले यह उनके लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। जसप्रीत बुमराह को छोड़ दें तो न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण में किसी अन्य खिलाड़ी की जगह अभी पक्की नहीं मानी जा सकती।

धीमी ओवर गति के लिए भारत और वेस्टइंडीज पर जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने न्यू चंडीगढ़ में तीसरे वनडे के दौरान धीमी ओवर गति के लिए भारत और वेस्टइंडीज पर जुर्माना लगाया। भारत पर जहां मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, वहीं वेस्टइंडीज पर 10 प्रतिशत जुर्माना लगा, जिसमें दोनों टीम को निर्धारित ओवर गति से क्रमशः चार और दो ओवर कम पाया गया। मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने मैच के बाद यह जुर्माना लगाया।

दोनों कप्तानों ने किया अपराध स्वीकार

आईसीसी ने कहा, 'दोनों कप्तानों ने अपराध स्वीकार कर लिए और प्रस्तावित जुर्माने को स्वीकार कर लिया है जिससे औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं थी।' ये आरोप मैदानी अंपायर जयरामन मदनगोपाल और सैम नोगाज्स्की, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर



वीरेंद्र शर्मा ने लगाए थे। वेस्टइंडीज अंतिम वनडे में पहले ही तीन मैच की सीरीज गंवा चुका था, लेकिन उसने भारत दौरे के वनडे चरण का समापन शानदार अंदाज में किया। शाई होप के नाबाद 162 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पुरुष वनडे में अपने सबसे बड़े 352 रन के लक्ष्य को हासिल किया।

हांगकांग सिक्स

सात सदस्यीय टीम घोषित भुवनेश्वर संभालेंगे कमान



एजेंसी ▶▶| हांगकांग

हांगकांग सिक्स 2026 के लिए भारतीय टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्टार खिलाड़ियों के साथ उतरेगी। इसमें सात प्रमुख भारतीय क्रिकेटर 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक खेले जाने वाले तेजतर्रार 'सिक्स-ए-साइड' (छह खिलाड़ियों वाले) फॉर्मेट में हिस्सा लेंगे। टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड पर खेले जाने वाली इस लीग में भारतीय टीम की कमान अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे। उनके साथ आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या, शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, नितिश राणा, राहुल त्रिपाठी और टी. नटराजन भी होंगे। भुवनेश्वर के पास अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल का कई वर्षों का अनुभव है और वे नई गेंद से असरदार प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं, जबकि क्रुणाल एक बेहतरीन ऑलराउंडर के तौर पर टीम को विविधता देते हैं। नितिश आक्रामक बल्लेबाजी और टॉप ऑर्डर में खेलने का अनुभव लाते हैं। वहीं, शशांक और तेवतिया मैच फिनिश करने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। त्रिपाठी आक्रामक इरादे के साथ खेलते हैं और नटराजन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के तौर पर एक खास विकल्प देते हैं।

टीम इंडिया फिर से करेगी वापसी

टीम इंडिया हांगकांग सिक्स में फिर से वापसी करेगी और टूर्नामेंट में आगे तक जाने की कोशिश करेगी। 2025 में उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध डकवर्थ-लुईस नियम से दो रन की जीत के साथ शुरुआत की थी, लेकिन बाद के मैचों में हार के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। इस बार चुनौती कड़ी होगी। पाकिस्तान 2026 के टूर्नामेंट में मौजूदा चैंपियन के तौर पर उतरेगा। उन्होंने पिछले साल के फाइनल में कुवैत को शिकस्त देकर रिकॉर्ड छठी बार हांगकांग सिक्स का खिताब अपने नाम किया था। 2026 के टूर्नामेंट में आठ प्रमुख क्रिकेट खेलने वाले देशों के साथ-साथ चार एसोसिएट सदस्य भी हिस्सा लेंगे।

भारत के खिलाफ सीरीज खेलेंगे आमिर जांगू



लखनऊ। वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाज आमिर जांगू को चोटिल ज्वेल एंड्रयू के विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहला मैच मंगलवार को लखनऊ में खेला जाएगा। मुल्लांपुर में शनिवार को खेले गए तीसरे वनडे के दौरान नमन धीर का कैच लेने के प्रयास में एंड्रयू की उंगली में चोट लग गई थी। हालांकि जांच में पता चला कि किसी तरह का फ्रैक्चर नहीं है। यह 19 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज वेस्टइंडीज के 352 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करने के दौरान बल्लेबाजी करने नहीं उतरा। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, 'भारत के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे के दौरान ज्वेल एंड्रयू की उंगली में चोट लगने के बाद उनकी जगह विकल्प के तौर पर आमिर जांगू को टीम में शामिल किया गया है। चिकित्सा दल एंड्रयू की स्थिति पर नजर रख रहा है।

बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड को हराया

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

क्लाउडिया पिना के चार गोल की मदद से बार्सिलोना ने महिला लालिगा फुटबॉल टूर्नामेंट में रियाल मैड्रिड को 7-0 से करारी शिकस्त दी। इस मैच को देखने के लिए 40,533 दर्शक स्टेडियम पहुंचे थे, जो महिला लालिगा में रिकॉर्ड है।

पिना ने कैम्प नोउ स्टेडियम में खेले गए मैच में अपने सभी गोल हाफ टाइम से पहले किए। उनके अलावा कैरोलिन ग्राहम हैनसेन, ईवा पजोर और सिडनी शेर्टेनलीब ने भी गोल किए, जिससे बार्सिलोना ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पर अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की। इन दोनों क्लबों के बीच अब तक खेले गए 26 मैचों में से बार्सिलोना ने 25 मैच जीते हैं। पिना बार्सिलोना की ऐसी पहली महिला खिलाड़ी हैं जिन्होंने रियाल मैड्रिड के खिलाफ मैच में चार गोल किए।

महिला लालिगा



नेशंस लीग: गोंकालो रामोस ने किया विजयी गोल

पुर्तगाल ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह, नॉर्वे को हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रही पुर्तगाल टीम ने 79वें मिनट में गोंकालो रामोस के विजयी गोल की मदद से नॉर्वे को 2-1 से हराया। क्रिस्टोफर अजेर ने शानदार हाफ-वॉली के जरिए मेहमान टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन दो मिनट बाद ही जोआओ कैंसेलो ने शानदार अंदाज में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मेजबान टीम ने बढ़त हासिल कर ली। जोआओ फेलिक्स के शानदार पास पर गोंकालो रामोस ने गोल दागा। दो बार नेशंस लीग का खिताब जीत चुकी पुर्तगाल की टीम ने मैच के अंत तक अपनी बढ़त



कायम रखी और ग्रुप ए4 में जीत का सिलसिला जारी रखा। हालांकि, मैच के आखिरी मिनटों में फ्रांसिस्को कॉन्सेकाओ को दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा, लेकिन इससे टीम की जीत पर कोई असर नहीं पड़ा।

डेनमार्क ने वेल्स को हराया

वहीं दूसरी ओर, रासमस होजलुंड और जोशुआ जर्कजी ने अहम भूमिका निभाई और डेनमार्क तथा नीदरलैंड्स ने भी महत्वपूर्ण जीत हासिल की। होजलुंड की सधी हुई पेनल्टी ने डेनमार्क को इस कैंपेन की दूसरी जीत दिलाई और वेल्स के खिलाफ अपनी अजेय बढ़त को पांच मैचों तक बढ़ा दिया। वेल्स ने मैच की शुरुआत अच्छी की और गेंद पर ज्यादा कब्जा रखते हुए बेनन जॉनसन और लुईस कौमास के जरिए कई हमले किए। हालांकि, धीरे-धीरे डेनमार्क ने वापसी की और हाफ-टाइम से पहले गुस्ताव इसाकसेन और ओलिवर प्रोवस्टगार्ड गोल करने के करीब पहुंच गए।

नीदरलैंड्स ने सर्बिया को दी मात

आइंधोवन में नीदरलैंड्स ने सर्बिया को 2-1 से हराया। टीम की जीत में जोशुआ जर्कजी का गोल अहम रहा। इस जीत के साथ जावी हर्नांडिज की कोचिंग में नीदरलैंड्स की टीम अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखने में सफल रही। नीदरलैंड्स ने मैच के पहले 30 मिनट में पूरा नियंत्रण बनाए रखा और बढ़त हासिल कर ली। ट्यून कूपमीनर्स की फ्री-किक खिलाड़ियों की भीड़ के बीच से निकलते हुए सीधे गोल में पहुंची। इसके बाद सर्बिया के मिहाजलो श्वेतकोविच ने हेडर से गोल कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। इस गोल के साथ यह सिलसिला जारी रहा कि नीदरलैंड्स ने अब तक अपने हर मैच में गोल किया है, लेकिन हर मैच में गोल भी खाया है। मैच खत्म होने से 19 मिनट पहले जोशुआ जर्कजी ने करीब से शानदार गोल कर नीदरलैंड्स को फिर बढ़त दिला दी। इस जीत के साथ टीम ने ग्रुप में दो जीत और दो ड्रॉ का रिकॉर्ड कायम रखा और अपनी अजेय लय बरकरार रखी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28

व्यापार-निवेश से लेकर तकनीक और मोबिलिटी तक सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

भारत-स्विट्जरलैंड:रिश्तों को मिलेगी नई उड़ान,मोदी-परमेलिन ने बनाई 'रणनीति'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टीईपीए की पहली वर्षगांठ पर आर्थिक रिश्तों पर जोर | प्रौद्योगिकी, नवाचार, मोबिलिटी और लोगों के बीच संपर्क समेत कई मुद्दों पर सहमति

व्यापार, निवेश, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हैदराबाद हाउस में स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ परमेलिन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से एक-दूसरे का अभिवादन किया और इसके बाद द्विपक्षीय वार्ता शुरू हुई। बैठक में व्यापार और निवेश, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, मोबिलिटी और लोगों के बीच संपर्क समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की प्रगति की समीक्षा की गई। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। साथ ही बहुपक्षीय मंचों पर भारत-स्विट्जरलैंड सहयोग को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। परमेलिन की भारत यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के लागू होने का एक साल पूरा होने वाला है। स्विस राष्ट्रपति ने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने भारत-स्विट्जरलैंड संबंधों को साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित बताया।


पीएम मोदी एवं राष्ट्रपति परमेलिन

इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति परमेलिन से मुलाकात की। उन्होंने भारत-ईएफटीए टीईपीए की संभावनाओं को आगे बढ़ाने और दोनों देशों की साझेदारी को गहरा करने की प्रतिबद्धता की सराहना की। जयशंकर ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी और परमेलिन की बैठक से व्यापार, निवेश, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलेगी।

तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर आए परमेलिन

परमेलिन प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर सोमवार को तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली राजकीय भारत यात्रा है। हालांकि, इस वर्ष फरवरी में वे नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने भारत आए थे। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारियों और कारोबारी नेताओं का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। यात्रा का मुख्य फोकस व्यापार, निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और मोबिलिटी समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है।

टीईपीएः भारत में 100 अरब डॉलर निवेश का लक्ष्य

भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) की पहली वर्षगांठ पर भारत-स्विट्जरलैंड आर्थिक रिश्तों को नई दिशा देने की तैयारी है। स्विस परिसंघ के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन ने समझौते के लागू होने के बाद कंपनियों की बढ़ती दिलचस्पी को उत्साहजनक बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीईपीए आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापार को तेजी से बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस बयान में पार्मेलिन ने कहा कि समझौते को जमीन पर लागू करने की प्रक्रिया अब तक बहुत सकारात्मक रही है। उन्होंने कहा कि टीईपीए दोनों देशों के लिए 'विन-विन' स्थिति पैदा करता है। स्विट्जरलैंड की मजबूत तकनीक, वैश्विक कंपनियां और नवाचार क्षमता को भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था, कुशल कार्यबल और बड़े पैमाने पर उत्पादन क्षमता का लाभ मिल सकता है। पार्मेलिन ने कहा कि टीईपीए सिर्फ व्यापार शुल्क में राहत देने वाला समझौता नहीं है, बल्कि टिकाऊ विकास, रोजगार और लंबे समय के निवेश का आधार तैयार करता है। इससे नवाचार और पूंजी प्रवाह को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीईपीए निवेश, नवाचार, रोजगार और आपसी समृद्धि का महत्वाकांक्षी खाका है। इसके तहत अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश और 10 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

भारतीय रेस्तरां में आग, दो नाबालिगों को सजा



लंदन। पूर्वी लंदन के भारतीय रेस्तरां 'इंडियन अरोमा' में आग लगाने के मामले में 17 वर्षीय दो नाबालिगों को 10-10 साल की हिरासत की सजा सुनाई गई है। अगस्त 2025 में दोनों चाकू लेकर गैंट्स हिल स्थित रेस्तरां में घुसे और दरवाजे बंद कर दिए। तीसरे व्यक्ति ने अंदर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। घटना के समय आठ ग्राहक खाना खा रहे थे, जिनमें कई झुलस गए। लंदन की ओल्ड बेली अदालत ने कहा कि आरोपियों को पता था कि उनके कृत्य की मौत हो सकती है। आग लगाने के बाद तीनों चोरी की कार से फरार हो गए। नाबालिग होने के कारण दोनों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए।

भारत-यूएई ने खोले व्यापार और निवेश बढ़ाने के नए रास्ते

ऊर्जा, रक्षा एवं तकनीक और स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


चर्चारत दोनों देश के नेता

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने व्यापार, निवेश और कारोबारी साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की है। दुबई में भारत के महावाणिज्यदूत डॉ. ई. विष्णु वर्धन रेड्डी ने यूएई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मर्री से मुलाकात की। बैठक में दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों की समीक्षा की गई और द्विपक्षीय व्यापार, निवेश तथा कारोबारी साझेदारी को नई गति देने के तरीकों पर विचार हुआ। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी। बैठक ऐसे समय हुई है, जब भारत और यूएई के आर्थिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। इससे पहले 22 सितंबर को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के दौरान यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान और फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट के साथ भारत-यूएई-फ्रांस त्रिपक्षीय बैठक में हिस्सा लिया था। इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य विज्ञान, ऊर्जा, संस्कृति और विरासत के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई।

कांगो में बड़ा नाव हादसा!

दो मोटरबोट की टक्कर में 30 लोगों की मौत, दर्जनों लापता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


हादसे का दृश्य

कांगो नदी में रविवार को दो नावों के आपस में टकराने से बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हैं। ये हादसा इक्वातेउर के नगोम्बे-लुकोलेला इलाके के पास हुआ. स्थानीय प्रशासन और बचाव टीमें सर्च ऑपरेशन चला रही हैं ताकि लापता लोगों की तलाश की जा सके। अफ्रीकी देश कांगो की कांगो नदी में दो नावें आपस में टकराने से बड़ा हादसा हो गया है। रविवार को हुए इस हादसे में 30 लोगों की जान चली गई है, वहीं दर्जनों लोग लापता बताए जा रहे हैं। हादसे में जान गंवाने वाले सभी 30 लोगों के शवों को बरामद कर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, हादसे का शिकार हुई ये दोनों लकड़ी से बनी मोटर से चलने वाली नावें अलग-अलग दिशाओं में जा रही थीं।



